हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025



### शहर के 30 गणेश समितियों द्वारा निकाली जाएगी चलित झांकियां, ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से भी होगी निगरानी

# आज निकलेगी विसर्जन झांकियां, चार जिलों के 800 अफसर कर्मी संभालेंगे सुरक्षा, डेढ़ लाख लोगों के जुटने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पर्व के अंतिम दिन विसर्जन के अवसर पर निकलने वाली देशभर में प्रसिद्ध चलित झांकिया आज शहर में निकाली जाएगी। शहर की दो दर्जन से अधिक गणेश समितियों द्वारा धार्मिक एवं अन्य विषयों पर आधारित झांकिया लगभग तैयार हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के रजत जयंती, ऑपरेशन सिंदूर, नागलोक, खाटू श्याम, हनुमान लीला जैसे विषयों पर आधारित झांकिया तैयार की जा रही है।

गाजे-बाजे के साथ आज रात शहर के प्रमुख मार्गों से यह झांकिया गुजरेगी। जिनको देखने के लिए डेढ़ से पौने दो लाख लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए जा रहे हैं। जिले के अलावा पड़ोसी जिलों के करीबन आठ सौ पुलिस अफसर एवं कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों के जरिये भी झांकी रूट पर निगरानी रखी जाएगी।

ज्ञात हो कि आज छह सितंबर शनिवार की रात को शहर में परंपरानुसार विसर्जन झांकिया निकाली जानी है। हर साल की तरह ही इस बार भी शहर में लगभग 30 गणेश समितियों द्वारा तैयारियां की गई है। इस दौरान जिले सहित प्रदेश और पड़ोसी राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भी जुटते हैं। ऐसे में किसी भी दुर्घटना-घटना से बचने के लिए पुलिस को भी अच्छी-खासी तैयारियां करनी पड़ती है। शहर के जिन मार्ग से झांकी निकाली जाएगी, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने के साथ ही पार्किंग स्थल और शहर के अन्य इलाकों में भी गश्त टीम को तैनात किया जाएगा। झांकी को देखते हुए पुलिस ने गुंडे बदमाशों की भी धड़पकड़ का अभियान शुरू कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कार्रवाई की जा रही है।





### इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था

एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि विसर्जन झांकी के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जिसके तहत सुरक्षा व्यवस्था के लिए 800 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर रहेंगे। पैदल पेट्रोलिंग, फिक्स पिकेट, आउटर पेट्रोलिंग, सादी वर्दी बल, मोटर साइकिल पार्टी एवं एडी पार्टी की तैनाती की गई है। साथ ही नगर निगम, पीडब्लयूडी, स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, क्रेन व बिजली विभाग अलर्ट रहेंगे।

### इन स्थानों में पार्किंग

पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित कर दिए गए हैं। जिसके अनुसार स्टेट स्कूल, फ्लाई ओवर, दिग्विजय क्लब, गुरूनानक चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, पुराना बस स्टैंड चौक, टांकापारा, बूढ़ासागर, शीतला मंदिर, साइंस कॉलेज, गुजराती स्कूल एवं बख्शी स्कूल में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को पार्क किया जा सकेगा।

### आधा दर्जन एएसपी, दर्जनभी डीएसपी की तैनाती

आज निकलने वाली विसर्जन झांकी के अवसर पर राजनांदगांव रेंज के सभी चार जिले राजनांदगांव, कवर्धा, मोहला मानुपर और खैरागढ़ से पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा इन जिलों से तीन एएसपी रैंक के अधिकारी और करीबन चार से पांच डीएसपी रैंक के अफसरों को बुलाया गया है। इसके साथ ही जिले के सभी एएसपी रैंक एवं डीएसपी रैंक के अफसरों की आज तैनाती की जाएगी। पैदल पेट्रोलिंग टीम में भी इन अफसरों को प्रभारी बनाया जाएगा।

### निगम-बिजली विभाग की टीमें भी रहेगी अलर्ट

विसर्जन झांकी की रात जहां पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। वहीं जिला कलेक्टर ने नगर निगम और बिजली विभाग के साथ ही आपातकाल स्थिति की दृष्टिकोण से दमकल की गाड़ियों की भी तैनाती किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा झांकी रूट पर पहले ही निरीक्षण कर इलेक्ट्रिक तारों को व्यवस्थित किए जाने, सड़कों के गड्ढे भरने का काम किया जा चुका है। इसके अलावा सभी गणेश समितियों की बैठक लेकर भी उन्हें परंपरा अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से झांकी निकालने के निर्देश हैं।

**नागलोक, गजेंद्र वंदना सहित खाटू श्याम जैसी झांकियां**

## झांकियों का ट्रेंड बदला, अब बड़े फीगर और मूवमेंट पर फोकस!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



विसर्जन के अवसर पर आज शहर में करीबन 30 गणेश समितियों द्वारा चलित झांकियां निकाली जाएगी। बदलते ट्रेंड के तहत अब समितियों का फोकस झांकी में बड़े फीगर और मूवमेंट को आकर्षित बनाने पर हो गया है। यही कारण है कि शहर सहित पड़ोसी जिलों में तैयार किए जाने वालीअधिकांश झांकियों में एक से लेकर दो बड़े फीगर जरूर शामिल किए गए हैं। इसके अलावा नए-नए मूवमेंट पर भी काम किया गया है, जो इस बार भी लोगों को लुभाने का काम करेंगे।

### यह समितियां शामिल

तिरंगा मंडल द्वारा प्रदेश के रजत जयंती पर आधारित झांकी, बस स्टैंड द्वारा रावण एवं कुंभकरण के मध्य युद्ध, बाल समाज द्वारा सिंदूर ऑपरेशन, उमंग गणेशोत्सव समिति द्वारा खाटू श्याम, नवरत्न मंडल द्वारा नवग्रहों को रावण द्वारा बांधे जाने, सुमति मंडल द्वारा गजेंद्र वंदना, अष्टविनायक मंडल द्वारा सर्प यज्ञ, इसके अलावा नवीन आदर्श मंडल गोलबाजार, आजाद चौक गणेश समिति, बाल समाज मित्र मंडल, गंज गणेश समिति, त्रिशंक मंडल ब्रम्हणपारा, जनता कॉलोनी गणेश उत्सव समिति, दुर्गा गणेश उत्सव समिति, मां शीतला गणेश उत्सव समिति, नवयुवक मंडल जैसी समितियों द्वारा भी विसर्जन के अवसर पर चलित झांकिया निकाली जा रही है।

### मानव मंदिर चौक से मिलेगी एंट्री

झांकियां तीन प्रमुख मार्गों से मानव मंदिर चौक तक आएगी। जिनमें महावीर चौक से मानव मंदिर चौक, गुरूनानक चौक से मानव मंदिर चौक और दुर्गा चौक से मानव मंदिर चौक शामिल है। मानव मंदिर चौक में सभी झांकियां एकत्रित होकर प्रशासन द्वारा तय किए गए बैच व रैंक के अनुसार आगे बढेगी। विसर्जन मार्ग गुरुद्वारा से मानव मंदि, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, गंज चौक होते हुए विसर्जन स्थल तक जाएगी।



## खबर संक्षेप

### कोठीटोला में डांस स्पर्धा आयोजित



**डोंगरगढ़।** गणेश पर्व के मौके पर कोठीटोला में आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों ने गत दिनों रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु शामिल हुए। अध्यक्षता जनपद सदस्य गिरजावती कंवर ने की। विशिष्ट अतिथि हेमलाल वर्मा, कैलाश ऊके, रामाधार ओझा, रेवाराम सिन्हा, रामलाल टांडेकर, पूर्णाबाई मंडावी, गैंदूराम पटेल, भुषण डिल्ला, गोपीराम ऊइके, उमेश कुमार, राजेश कुमार, दीपक कंवर, मंजूराम, कमलाबाई, चैनसिंग साहु, दुलचंद साहु, छन्नूराम विश्वकर्मा, जयंत्रीबाई, मिलाबाई, फुलबासन बाई शामिल हुए।

### राजस्थान यात्रा से लौटे कांग्रेस नेता



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने गत 26 अगस्त को बमलेश्वरी के दर्शन कर अपनी पावन यात्रा की शुरूवात की। 26 अगस्त से 4 सितंबर तक उन्होंने नागपुर, एमपी जामशावली, इंदौर, उज्जैन, मंडफिया सेठ सांवरिया, उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, लोंगेवाला, नागौर, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बस बॉडी वर्कशॉप्स और उद्योग धंधों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोंगेवाला युद्ध स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के अलावा तनोत माता मंदिर के दर्शन किए। भारत पाकिस्तान सीमा पर तैनात सैनिकों से मुलाकात किया। यात्रा में ईश्वर लोधी, नरेश यादव, नयन लोधी भी साथ थे।

### किराना दुकानों से काजू, किशमिश सहित नगदी ले गए चोर



**डोंगरगढ़।** रेल्वे चौक स्थित दो किराना दुकान में 3 और 4 सितंबर की दरमियानी रात्रि को चोरी की घटना हो गई। अज्ञात चोर किराना दुकान से काजू, किशमिश, बादाम, शैंपू, बिस्किट आदि ले गए। रेलवे चौक की न्यू पटियाला किराना दुकान और खंडूपारा की चोपड़ा किराना दुकान के शटर का ताला तोड़ चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। रेलवे चौक स्थित न्यू पटियाला किराना दुकान से अज्ञात चोर काजू, किशमिश, बादाम, शैंपू, बिस्किट सहित अन्य महंगी सामग्रियों के साथ गल्ले में रखी 6 हजार की चिल्हर ले गए। दुकान संचालक चिंटु पटियाला ने बताया कि चोर अपने साथ लगभग 30 हजार की सामग्री सहित दोनों ताला ले गए हैं। श्री पटियाला ने बताया कि दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी की फुटेज के अनुसार चोर 3.35 बजे शटर का ताला तोड़ कर घुसे थे। दूसरी ओर चोपड़ा किराना दुकान संचालक ने बताया कि उनकी दुकान से सिगरेट सहित अन्य महंगी सामग्रियों एवं गल्ले में रखे लगभग 3 हजार के चिल्हर की चोरी हुई है।

### निकिता बनी वाणिज्य परिषद की अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में 4 सितंबर को प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती के मार्गदर्शन में वाणिज्य परिषद गठन का गठन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वाणिज्य विभाग प्रमुख जीके यादव ने परिषद गठन, महत्व आदि पर प्रकाश डाला। परिषद में अध्यक्ष निकिता गुप्ता, उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी, सचिव डिंपल, सहसचिव टीनम, कोषाध्यक्ष महक, लोमिन तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गगन, दीपक, दुखहरन, सविता एवं दुर्गा को मनोनीत किया गया। इस दौरान भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। सत्र 2023-24 में प्रथम स्थान प्राप्त चितरानी साहू, द्वितीय राजदीप कौर भाटिया, राहुल तथा तृतीय स्थान पर रही हेमा पटेल को सम्मानित किया गया। संचालन अतिथि व्याख्याता पुर्वेश बांधव एवं आभार प्रदर्शन बीपी साहू ने किया।

### अर्जुनी स्कूल में साइकिल वितरण



**अर्जुनी।** स्थानीय हाईस्कूल में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा नौवीं की छात्राओं को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश साहू, प्राचार्य पद्मलोचन शर्मा, सांसद प्रतिनिधि टामेश्वर साहू, भैयालाल साहू, कमलेश सोनकर, दुर्गेश सिंह, हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष विजय जैन, उपसरपंच नागेश धनकर आदि ने साइकिल वितरण किया।

### 8 साल से फरार 3 आरोपी गिरफ्त में



**खड़गांव।** थाना प्रभारी संजय यादव के नेतृत्व पुलिस ने 8 साल से फरार धोखाधड़ी के 3 वारंटी को गिरफ्त में लिया है। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन एवं एएसपी डीसी पटेल, एसडीओपी प्रशांत पैकरा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी संजय यादव के नेतृत्व में पुलिस ने स्थाई वारंटी तामिली अभियान के तहत लंबे समय से फरार आरोपियों की पतासाजी कर गत 30 अगस्त को धारा 379, 34 के आरोपी अश्फाक अली पिता सुलेमान अली निवासी हरनाबांधा भिलाई, धारा 363, 366, 376 तथा 4, 5, 6 पॉक्सो एक्ट के आरोपी चन्द्रशेखर पिता बी बिरझुराम नेताम हाल पता वाजरी जिला यवतमाल एवं धारा 420, 34 के स्थाई वारंटी हसनुद्दीन खान पिता शेख कमरूददीन निवासी बकलीटोला को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर आरापियों को जेल निरूद्ध किया गया।

### चेंदरीबन नवागांव के दो शिक्षक सम्मानित



**जेवरतला रोड।** शिक्षक दिवस के अवसर पर चैतन्य कुमार देवांगन सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला चेंदरीबन नवागाँव एवं अश्वनी कुमार देवांगन शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला चेंदरीबन नवागाँव को जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ। इस सम्मान के लिए कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, निमिषा भुआर्य, प्रकाशसिंह जोशी, सन्नी देवांगन, गोमती पटेल, बसंतकुमार साहू, चैनसिंह साहू, मोनिका ठाकुर, टीकम निषाद, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, कविता ठाकुर, ईश्वर ठाकुर, दीपक हिरवानी, श्रवण साहू आदि ने बधाई दी है।



गणेश उत्सव समिति हरदी



गणेश उत्सव समिति पिनकापार



बाल समाज दुर्गा चौक हरदी



शीतला चौक गणेश उत्सव समिति जामरी



श्री सिद्धि विनायक गणेश समिति महाराजपुर

## चार चरणों में आंदोलन करने का ऐलान

# बिजली कंपनी के संविदा कर्मी अब आंदोलन की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छत्तीसगढ़ बिजली कंपनी के कर्मचारी एक बार फिर आंदोलन की तैयारी में है। संविदा कर्मचारी संघ ने अपनी मांगें पूर्ण नहीं होने से आहत होकर आगामी 19 सितंबर से चार चरण में आंदोलन करने का ऐलान किया है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ पॉवर कम्पनी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए सतत प्रयासरत है। संघ ने प्रबंधन के साथ लगातार पत्राचार एवं वार्ता कर हल निकालने की कोशिश किया किंतु संघ की मांगों पर लिखित आश्वासन देने के बाद भी प्रबंधन ने क्रियान्वयन नहीं किया। पॉवर कंपनी की उदासीनता से संविदा कर्मचारियों में निराशा है जिसके कारण त्रस्त होकर संविदा कर्मचारी आंदोलन करने विवश हो गए हैं।

### संघ ने रखी चार सूत्रीय मांग

संघ ने संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, विद्युतीय - गैर विद्युतीय दुर्घटना, सामान्य मृत्यु पर 25 लाख मुआवजा के साथ अनुकम्पा नियुक्ति, एकमुश्त वेतन में मंहगाई भत्ता एवं मकान भत्ता भी देने, राष्ट्रीय अवकाश होने पर कार्य के बदले अतिरिक्त वेतन नियुक्ति तिथि से देने की मांग किया है। विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री कमलेश भारद्वाज एवं अध्यक्ष हरि चरण साहू ने बताया कि वितरण एवं पारेषण कंपनी में कर्मचारियों की भारी कमी है। कम्पनी में लाइन कर्मियों के लगभग 6 हजार से अधिक पद खाली है। 2009 के बाद लाइन कर्मचरियों की भर्ती नहीं हुई है जिससे लाइन संबंधित कार्य संविदा कर्मियों से कराया जा रहा है।

### बढ़ती दुर्घटना, न्यूनतम वेतन

बिजली लाइनों का कार्य करना जोखिम पूर्ण होता है। लगातर बढ़ती लाइन, कर्मचारी की कमी से दबाव में कार्य कर रहे संविदा कर्मचारी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार अब तक लगभग 40 संविदा कर्मियों का निधन हो चुका है इसके बाद भी नियमितीकरण की आश में संविदा कर्मचारी तन्मयता से अल्प वेतन में कार्य करते आ रहे हैं।

### चार चरण में होगा आंदोलन

कर्मचारी संघ ने चार चरण में आंदोलन करने की घोषणा किया है। आगामी 19 सितंबर को क्षेत्रीय मुख्यालयों में अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। आगामी एक अक्टूबर को सांकेतिक काम बंद एवं 2 अक्टूबर को पूर्ण रूप से काम बंद किया जाएगा। इसी क्रम में आगामी 13 अक्टूबर को मुख्यालय रायपुर में आम सभा एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर संविदा कर्मचारी आगामी 18 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल करेंगे।

# जीवनदीप समिति में भाजपा नेता शामिल

- समितियों में नए लोगों को मिला मौका, खुशी की लहर







हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

उप मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन पश्चात स्वास्थ्य केंद्रों में जीवनदीप समिति में सदस्य मनोनीत किए गए है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया की जीवनदीप समिति में

सुरेंद्रसिंह भाटिया, शिशुपाल साहू,राधेश्याम शर्मा, सपनिल पटेल, सूरज डडसेना, टामेश कुंभकार, उभेराम मंडावी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोला में खेदूराम सिन्हा, सोहन कुंजाम, श्यामसुंदर साहू, चुनियाबाई कंवर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोभा में देवदास साहू, मायाराम साहू, लेखराम निर्मलकर, राधिकाबाई चंद्रवंशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्मदा में सुंदरलाल साहू, कंशुराम यादव, एस कुमार सेन, लक्ष्मीबाई मंडावी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरवाही में चंदूराम पटेल, आनंद तिवारी, ईश्वर निर्मलकर, हरिलाबाई चंद्रवंशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला में रीना कोचे, मनोहर साहू, रामकुमार साहू, हेमिन साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूचाटोला में थामबाई चंद्रवंशी, राजेश शुक्ला, जानूराम साहू, प्रशांत ठाकुर ) को सदस्य मनोनीत किया गया है। मनोनीत सदस्यो ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव, चंद्रिकाप्रसाद डडसेना, एमडी ठाकुर, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, गीता घासी साहू, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, मंडल अध्यक्ष कांताप्रसाद साहू, खिलेश्वर साहू, हृदय देवांगन का आभार व्यक्त किया है।

# खूब पढ़ो-आगे बढ़ो, जिले का नाम करो रोशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने गुरुवार को कलेक्टर कक्ष में जिले के नीट उत्तीर्ण मेधावी छात्र–छात्राओं को बधाई देते प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें विकासखंड मोहला के ग्रामीण अंचल के ग्राम रेंगाकठेरा निवासी सीमा गांवरे, ग्राम चिलमटोला के चंद्रशेखर पिस्दा, ग्राम साल्हेटोला की साक्षी देशमुख एवं ग्राम कनेरी की रितु राणा शामिल थी। जिनका चयन नीट परीक्षा के माध्यम से एमबीबीएस कोर्स के लिए चयन हुआ है। कलेक्टर प्रजापति ने बच्चों को जिले को गौरवान्वित करने एवं आगे की पढ़ाई पूरी मेहनत से करने प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर प्रजापति ने बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा एवं नीट की तैयारियों को लेकर जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई देते कहा कि आपकी मेहनत के फलस्वरूप यह सफलता मिली है। मेडिकल के लिए आगे और अच्छे से मेहनत करना होगा। खूब पढ़ो आगे बढ़ो और जिले का नाम रोशन करो। आपकी यह सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। भविष्य में कई भटकाव की स्थिति निर्मित होगी, लेकिन आपको पढ़ाई के प्रति दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ना होगा। आपको अपने पालकों के उम्मीदों पर खरा उतरना होगा, आपके पालक चाहते हैं कि आप एक बेहतर भविष्य बनाए। उन्होंने बच्चों से कहा आप भविष्य में कहीं भी कार्य करें, लेकिन अपनी जड़ों को न भूले और उस क्षेत्र के लिए कार्य करें। उल्लेखनीय है कि सभी विद्यार्थी विकासखंड मोहला में कक्षा आठवीं तक पढ़ाई कर प्रयास आवासीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय में चयनित होकर 12वीं कक्षा उत्तीर्ण किए तथा कड़ी मेहनत से राष्ट्रीय पात्रता तथा प्रवेश परीक्षा (नीट) उत्तीर्ण कर एमबीबीएस कोर्स के लिए चयनित हुए हैं। इस अवसर पर बच्चों के पालक, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार देवांगन, संकुल शैक्षिक समन्वयक नूतन सिंह साहू उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने यूनिट का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने 29 अगस्त को शासकीय उद्यान रोपणी पेंड्री में प्लग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस यूनिट के मरम्मत कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कर पुनः संचालित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि इस यूनिट के माध्यम से किसानों को लाभ होगा तथा सब्जियों की विभिन्न वैरायटी के सीडलिंग पौधे (थरहा) किफायती दर पर उपलब्ध रहेंगे। जिससे उन्हें फायदा होगा। प्लग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट अंतर्गत जर्मिनेशन चैम्बर एवं हार्डनिंग चैम्बर को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें जर्मिनेशन चैम्बर ठीक हो गया है तथा हार्डनिंग चैम्बर का सुधार कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में चक्रवाती तूफान के कारण पलग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसकी मरम्मत के लिए उद्यानिकी विभाग से 32 लाख रुपए तथा डीएमएफ मद से 19 लाख रुपए की लागत से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी रविन्द्र मेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईद पर उल्लास के साथ निकला जुलूस मांगी सभी की सलामती के लिए दुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की आमद के दिन को ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया गया। इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी खुलस-ए-मोहब्बत और उत्साह के साथ मनाया गया। सामाजिक लोगों ने शहर की मस्जिद को आकर्षक रोशनी से सजाया था। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया जिसमें समाज के लोग सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। जुलूस शहर का भ्रमण करते हुए वापस मस्जिद पहुंचा।

### घरों को किया रोशन

ईद मिलादुन्नबी के पर्व को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए लोगों ने अपने घर और मोहल्ले की साज-सज्जा किया था। घरों को धार्मिक झंडों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया।उल्लेखनीय है कि पैगंबर मोहम्मद का जन्म लगभग 570 ईस्वी में मक्का में हुआ था। उनका जन्म मिलादुन्नबी के दिन हुआ था। इस दिन को इस्लामी कैलेंडर में खास महत्व दिया गया है। इस्लामिक मान्यता के अनुसार पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश 12 रबी-उल-अव्वल को मक्का में हुई थी जिस वजह से मुसलमान हर साल इस दिन को मोहब्बत और अकीदत के साथ याद करते हैं।

### शहरवासियों ने किया स्वागत



**डोंगरगांव।** बारहवीं रबीउल अव्वल जश्ने ईद मिलादुन्नबी हुजूर पाक मोहम्मद सल्लाहों अलैहे वसल्लम के आमद की खुशी से मनाया गया। इस वर्ष 1500 वां जश्न धूमधाम से जुलूस निकालकर मनाया गया। सुबह जामा मस्जिद से जुलूस निकाला गया जो सेवतापारा से मेनरोड, पुराना बस स्टैंड, सदर लाइन होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचा। मस्जिद में इमाम आकिब रजा ने परचम कुशाई कर नायब इमाम सफ़ाअत रसूल साहब सलातो सलाम का नजराना पेश किया और अमनो चैन की दुआ मांगी। मस्जिद हॉल में हुजूर पाक मोहम्मद सल्लाहों अलैहे वसल्लम के मुए पाक का सभी को जियारत कराया गया।नगरवासियों ने जुलूस का स्वागत कर मुस्लिम भाइयों को बधाई दी। इस मौके पर सदर रफीक खत्री, डॉ बशीर अहमद खान, शमीम अंसारी, महमुदुल हसन, सिद्धिक बड़गुजर, रियाजुद्दीन सोलंकी, युनुस सिद्दीकी, आरिफ सोलंकी, पीर मोहम्मद, शमसुद्दीन अंसारी, रमजान बड़गुजर, इरफान बड़गुजर, सद्दाम खत्री, शरीफ बड़गुजर, इशहाक तंवर, सईद खान, रिजवान खान, वासिफ खान, साहिल हसन, हामिद मेमन, सलमान तंवर आदि मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी फिरोज हसन रिजवी ने दी।

## कई नवोदय विद्यालय के छात्र हुए शामिल

# युवा संसद में गूंजे लोकतंत्र के स्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में 27 वीं युवा संसद का आयोजन किया गया। शुभारंभ सांसद संतोष पांडेय, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रकाश यादव, सहायक आयुक्त लेखराज मीणा, प्राचार्य अशोक त्रिपाठी, प्राचार्य जितेंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय मंडल ने अतिथियों को पौधा भेंटकर स्वागत किया। सहायक आयुक्त लेखराज मीणा ने संसदीय कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। सांसद संतोष पांडेय ने संसदीय कार्य प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि देश कैसे नियम और संविधान से चलता है। लोकतंत्र में राष्ट्रभक्ति की भावना के बारे में बच्चों को बताया।




### अनुभव किया साझा

कार्यक्रम का संचालन रामकुमार चंद्रा ने किया। अंत में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने अपने पूर्व अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय के छात्र कैसे सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। आभार प्रदर्शन शिक्षक ओमप्रकाश चौरसिया ने किया। इस दौरान शिक्षक स्नेह अग्रवाल, अनिल पाल, दीपचंद चौरसिया, कृष्ण कुमार, जानकी उईके सहित अन्य मौजूद थे।

### संसदीय प्रणाली का प्रदर्शन

कार्यक्रम में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बिलासपुर, कोरापुर ओडिशा एवं महासमुंद के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय कार्यप्रणाली का जीवंत प्रदर्शन किया। संसद की कार्यवाही का अनुकरण करते हुए सत्तापक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाते हुए प्रतिभागियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य सुधार, पर्यावरण संरक्षण, युवाओं की जिम्मेदारी, महिला सुरक्षा, सामाजिक न्याय, संचार साधन तथा सामाजिक सरोकार जैसे विषयों पर सारगर्भित बहस की। प्राचार्य श्री मंडल ने कहा कि युवा संसद छात्रों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, वाद-विवाद की योग्यता और लोकतांत्रिक मूल्यों की गहरी समझ विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

# नेत्रदान करने छात्रों को किया प्रेरित



**एलबी नगर।** स्थानीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार 40 वा नेत्रदान पखवाड़ा अंतर्गत राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पवृद्धि दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वस्थ केन्द्र लालबहादुर नगर एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग के मेडीकल आफिसर डॉ योगेश कन्नौजे, नितिन साहू, नेत्र सहायक एसके निखाड़े, सौरभ यादव, नरेंद्र साहू शामिल हुए। डॉ कन्नौजे ने बताया कि नेत्रदान में कॉर्निया का दान किया जाता है। नेत्रदान न करने का कारण अंधविश्वास है। उन्होंने बताया कि एड्स, कैंसर से पीड़ित या क्षतिग्रस्त कॉर्निया वाला व्यक्ति नेत्रदान नहीं कर सकता। डॉ निखाड़े ने छात्र छात्राओं को नेत्रदान करने प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ ने कहा कि नेत्रदान के बारे में घर, परिवार एवं आसपास के लोगों को जागरूक करना एवं नेत्रदान की प्रतिज्ञा कर किसी के जीवन में रोशनी प्रदान करने में अहम भागीदारी बने। कार्यक्रम में प्रो मनोहर बोकडे , प्रो बीआर चंद्रवंशी, डॉ हेमलता गायकवाड़, अरुण साहू, सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, कविता यदु, सीमा एक्का, ज्योति वर्मा, प्रीति, कामिनी वर्मा, रूपेश बंसोड़ आदि मौजूद थे।

### प्रदेश व पूरे वतन में अमन, चैन व खुशहाली के लिए मांगी दुआ

# मुस्लिम जमात ने मनाया शांति के मसीहा पैगंबर साहब का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मुस्लिम समाज ने अल्लाह के प्यारे रसूल, इस्लाम धर्म के प्रवर्तक व शांति के मसीहा पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का पाक जन्मदिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया। सुबह 4 बजे मान्यता अनुसार पैगंबर साहब की पैदाइश के वक्त सलातो सलाम व नात पढ़ी गई। फजर की नमाज बाद कुरानखानी की गई।

मस्जिद चौक से निकली जश्ने जुलूस शहर भ्रमण बाद मस्जिद पंहुचा जहां ईमाम हाफिज फखरुद्दीन मिस्बाही ने परचम कुसाई की रस्म अदा की और फातिहा पढ़ी गई। मुस्लिम भाईयों को हर बुरे कामों से दूर रहकर पैगंबर हजरत के बताए मानवता की राह पर चलने की नसीहत साथ ही प्रदेश व पूरे वतन में अमनो चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।

इस दौरान हाफिज मोहिब्बुल हक, हाफिज जियाउल हक, हाफ़ज़ी. शराफ़त हुसैन, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, सदर अरशद हुसैन डब्बू, जफर हुसैन खान, मो इदरीस खान, खलील कुरैशी, हाजी नासिर मेमन, हाजी तनवीर मेमन, हाजी ईमरान मेमन, हाजी मोहसिन अली, हाजी जाहिद अली, हाजी मुर्तजा, मो याहिया नियाजी, कय्यूम कुरैशी, मो सगीर खान, जमीर कुरैशी, फारूख मेमन, कदीर कुरैशी, सगीर कुरैशी, शमसुल होदा खान, जफर उल्लाह खान, अय्यूब सोलंकी, जमीर खान, याकूब खान, जुनैद खान, समीर कुरैशी, मतीन अशरफ, तारिक अमान व सादिक मेमन सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के सदस्य मौजूद थे।



### गायकों ने दी शानदार प्रस्तुति

गौरतलब है कि जब दुनिया में बुराईयों का अत्यधिक बोल-बाला था और भेदभाव की प्रवृत्ति बढ़ते जा रही थी। लड़कियों को अभिशाप समझकर मार दिया जाता था। ऐसे बुरे दौर में अल्लाह ने अपने प्यारे रसूल पैगंबर हजरत मोहम्मद को दुनिया में अमन चैन कायम करने के लिए भेजा था जिन्होंने कहा है कि अगर आपके पास बेशुमार दौलत है और फिर भी आपका पड़ोसी तकलीफ में जीवन व्यतीत कर रहा है तो पहले आप पड़ोसी की मदद करो चाहे वो किसी भी धर्म का हो वरना आपकी दौलत किसी काम की नहीं है। जश्ने जुलूस में बेमेतरा से आए गायकों ने देशभक्ति से ओत प्रोत खूबसूरत गीत के साथ ही मजहबी नात की भी शानदार प्रस्तुति दी।

## ईद-ए-मिलादुन्नबी पर मांगी वतन की सलामती की दुआ



**छुईखदान।** ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर जिलेभर में गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल देखने मिली। मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर निकाले गए जुलूस की शुरुआत वतन की सलामती और अमन-चैन की दुआ से की गई। पूरे मार्ग में शांति, व्यवस्था और उत्सव का माहौल रहा। छुईखदान में दोपहर बाद निकले जुलूस में मुस्लिम समाज के युवा और बुजुर्ग धार्मिक सौहार्द के साथ बधाई लेते नजर आए। उदयपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व पर भाईचारे और सदभावना के साथ मनाया गया। ग्रामवासियों ने मुस्लिम समुदाय को बधाई दी और उनके साथ पावन दिन की खुशियाँ साझा की। जुलूस के दौरान पहुंचे जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान का फूलमाला से मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वागत किया।इसी प्रकार से खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा, मानपुर नाका, नर्मदा, उदयपुर, लिमो, पंडरिया, खैरी, अमलीडीह, पिपरिया, खैरा नवागांव, देवपुरा सहित जिले में ईद ए मिलादुन्नबी का जुलूस निकालकर मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे साथ गले मिलकर बधाई दिया।

# धोधा चौक की 3 दुकानों में चोरी

### तीन अज्ञात चोरों ने घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर से महज 5 किमी दूर ग्राम पंचायत धोधा के मेन चौक की तीन दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

जानकारी अनुसार हर रोज की तरह 4 सितंबर की रात्रि 8 बजे वर्षा ट्रेडर्स और वर्षा मेडिकल के संचालक प्रेमचंद वर्मा पिता स्व संतराम वर्मा दोनों दुकान में ताला लगाकर घर चले गए थे। दूसरे दिन 5 सितंबर को सुबह 7.30 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो दोनों दुकानों के शटर को खुला देखा। अज्ञात चोरों ने ताकत लगाकर बीच से उल्हा दिया है। उल्हाने से बने गेप से अंदर जाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसी प्रकार मोटर सायकिल की दुकान में भी घटना को अंजाम दिया था। आनन फानन में पुलिस को घटना की सूचना दिया गया। पुलिस के सीसी टीवी देखने पर पता चला कि तीन अज्ञात चोरों में मिलकर घटना को अंजाम दिया था।

प्रेमचंद वर्मा के अनुसार उसके गल्ले के लॉक को तोड़कर अज्ञात चोर 5 सौ रुपए चुरा ले गए।मोटर सायकिल दुकान के मालिक के बाहर होने के चलते यह पता नही चल पाया कि दुकान में कितने राशि या समान का चोरी हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्षा ट्रेडर्स एंड मेडिकल में कुछ सालों पहले भी चोरी हो चुकी है। पुलिस ने चोर को पकड़ा भी था। पिछली वारदात में चोर ने दुकान का शटर को सब्बल से उखाड़ दिया था।

### लगातार बढ़ रही चोरी

बता दे कि इन दिनों चोरी की वारदात में इजाफा हुआ है। स्थानीय असामाजिक तत्व एवं बाहर से आए लोग चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। गंडई क्षेत्र के मुख्य मार्ग एवं अंदरूनी गावो में जाकर सेंधमारी एवं रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे।

## कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में वेस्ट से बेस्ट कार्यशाला

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की ईको क्लब, आईक्यूएसी सेल द्वारा वेस्ट से बेस्ट कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। छात्रों ने पुरानी वस्तुओं से ईको फ्रेंडली कागज के बने फूल वाले गुलदस्तों का निर्माण किया। कार्यशाला प्रभारी दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्ष छात्रों को उद्यमिता कौशल से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यशाला और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि महाविद्यालय में बी.एड. के छात्रों को भावी शिक्षक प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्रों में उद्यमिता कौशल को बढ़ाने एवं चैमुखी विकास हेतु उनके लिए महाविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की गई है। जिसके तहत उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों जैसे-वेस्ट से बेस्ट कार्यशाला, हर्बल गुलाल मेकिंग कार्यशाला, मशरुम कल्टीवेशन एवं अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है।



## भेजा 500 मच्छरदानी



**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की पहल पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव द्वारा एवं उदयाचल समाजसेवी संस्था के सौजन्य से बस्तर जिले में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए भारतीय रेडक्रास सोसायटी बस्तर को 500 नग मच्छरदानी भेजी गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी राजनांदगांव डॉ. नेतराम नवरतन, रेडक्रास सोसायटी के अन्य सदस्य तथा उदयाचल समाजसेवी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ईद पर निकला जुलूस

**सड़क अतरिया।** खैरा, नर्मदा एवं मानपुर में शुक्रवार को मुस्लिम समाज द्वारा ईद मिलाद उन नबी का पर्व उल्लास से मनाया गया। इस मौके पर समाज द्वारा जूलुस निकाल कर एकता और भाई चारे का संदेश दिया गया। अमन चैन की दुआ मांगी गई। नर्मदा में खैरा से अवंती चौक तक शान शौकत के साथ जूलुस निकला जिसमें बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए। जिसमें अल्ताफ खान, हाजी कलम खान, इकबाल बेग, इमरान बेग, कलीम खान, हाफीज दीलकश राजा, इमरान बेग, इरशाद खान, अयान खान, सब्बीर खान, इरफान अजहर, शेख अफजल खान, गुफरान बेग, अय्युब खान, आरिफ खान असलम अन्य शामिल रहे।



### बच्चों ने किया शिक्षकों का सम्मान

**मुरमुंदा।** संत प्रयाग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुंदा में गुरु शिष्य की परम्परा को बनाए रखते हुए शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के संचालक चंद्रशेखर श्रीवास्तव, प्राचार्य अंजना चौधरी एवं शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षक दिवस का महत्व बताया। इस मौके पर बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शिक्षको के मध्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने शिक्षकों को भेंट प्रदान कर सम्मानित किया।



## समिति ने किया शिक्षकों का सम्मान

- शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं
- रक्तदान शिविर का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षक दिवस के अवसर पर अवंती ज्ञानोदय समिति द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह के अलावा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक यशोदा वर्मा ने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं जो विद्यार्थियों को केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि संस्कार और जीवन मूल्यों की शिक्षा भी देते हैं।

उन्होंने कहा कि जैसे बढ़ई लकड़ी को तराशकर सुंदर फर्नीचर और कुम्हार मिट्टी को आकार देकर घड़ा गढ़ता है, उसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को गढ़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे अनेक जीवन बचाया जा सकता हैं।

इस दौरान ईश्वर वर्मा, नीरज वर्मा, पारस वर्मा, डॉ राघव वर्मा, हरेंद्र नगपुरे, ईश्वरी वर्मा, प्रकाश वर्मा, रोहित वर्मा, हर्ष दशरिया सहित अन्य मौजूद थे।

### शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला

कार्यक्रम अध्यक्षता कमलेश्वर वर्मा और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, अमर जंघेल रायपुर, महेंद्र कौशिक कवर्धा, राजभान लोधी, मूलचंद लोधी, लालचंद वर्मा भिलाई, गोविंद पटेल बेमेतरा और बेनीराम वर्मा धमधा थे जिन्होने अपने संबोधन मे शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। समिति द्वारा जिले के 25 उत्कृष्ट शिक्षकों को शाल-श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में सामाजिक युवाओं ने 100 यूनिट ब्लड डोनेट कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। समारोह का संचालन समिति अध्यक्ष भूखन जंघेल ने किया।

## निषाद समाज की बैठक 7 को

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज की मासिक बैठक 7 सितंबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय नया सामाजिक भवन कौरिनभांठा में आयोजित की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधरलाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष ईश्वर निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगनलाल निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद शामिल रहेंगे। उक्त जानकारी देते समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा किया जाएगा।

## ग्रामीण विकास और खेलों को मिलेगा बढ़ावा



- बोरी में कबड्डी स्पर्धा के शुभारंभ में पहुंची शताक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

गणेशोत्सव के पावन अवसर पर ब्लॉक के बोरी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान शताक्षी सिंह ने अपने उद्बोधन में खेलों के महत्व, युवाओं की भागीदारी और ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं के विकास पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ाते हैं। इसके बाद उन्होंने ग्राम बोरी का भ्रमण कर वहां की कच्ची सड़कों और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर ग्रामवासियों ने गली कांक्रीटीकरण, पेयजल व्यवस्था और सफाई जैसी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की हर समस्या का त्वरित समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने दी जाएगी और वे हर छोटी-बड़ी समस्या में ग्रामीणों के साथ खड़ी रहेंगी। इस दौरान पर जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी ग्रामीण मौजूद थे।

## जब्तशुदा वाहन स्वराज माजदा राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलमना रोड सुपुर नगर नेरखेड़ा तहसील कामठी जिला नागपुर महाराष्ट्र निवासी आदर्श मोटघरे के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन स्वराज माजदा क्रमांक एमएच 40 एके 0989 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

## शिक्षक पेमेन्द्र को मिला सम्मान

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में 5 सितंबर को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षादूत के लिए शा. प्रा. शाला पुतरगोंदी कला संकुल मोतीपुर के शिक्षक पेमेन्द्र कुमार साहू को सम्मान और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह पुरस्कार शिक्षक के समर्पण, बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान और शिक्षा का प्रसार करने में उनकी भूमिका के लिए दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, जिला पंचायत सदस्य नरसिंग भंडारी, पूर्व विधायक संजीव शाह एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन

# शिक्षा वो दीप है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर जीवन को प्रकाशमान करती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन सेजेस कन्या शाला में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक यशोदा वर्मा ने शिक्षा और शिक्षक की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में दो व्यक्तियों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है डॉक्टर जो जीवन बचाता है और शिक्षक जो जीवन को गढ़ता है और सही दिशा दिखाता है।

उन्होंने शिक्षकों के योगदान को समाज और राष्ट्र निर्माण की नींव बताते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे आने वाली पीढिय़ा सशक्त और संस्कारित बनती हैं। विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा शिक्षक दिवस केवल औपचारिकता नहीं बल्कि आत्ममंथन और कृतज्ञता का दिवस है। हमें शिक्षकों के योगदान को सदैव याद रखना चाहिए और शिक्षा के प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। शिक्षा ही वह दीप है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर जीवन को प्रकाशमान करती है। पूर्व राष्ट्रपति और विद्वान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो समाज को दिशा देती है और राष्ट्र को प्रगति की ओर अग्रसर करती है। डॉ. राधाकृष्णन कहा करते थे कि सच्चे शिक्षक वे हैं जो हमें सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके इसी विचार ने शिक्षा को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर जीवन मूल्यों और नैतिकता से जोड़ दिया। उन्होंने स्पष्ट किया था कि शिक्षक का दायित्व केवल पढ़ाना नहीं बल्कि विद्यार्थियों में समाज सेवा ईमानदारी और राष्ट्र प्रेम की भावना जगाना भी है।



### शिक्षकों को किया सम्मानित

समारोह में जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि पूरे शिक्षा परिवार के सामूहिक प्रयासों की पहचान है। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना और प्रत्येक शिक्षक का मान-सम्मान बनाए रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय शिक्षा की गौरवशाली विरासत का सुंदर चित्रण किया इस दौरान पूरा शाला परिसर गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु की वाणी गूंजता रहा। इस दौरान अन्य अतिथियो, जनप्रतिनिधियो सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# गुणवत्ता निरीक्षण के लिए पहुंचे डीईओ गायब प्रपा को किया नोटिस जारी

### स्कूलों की लगातार की जा रही मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले मे शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी लगातार स्कूलों की मानीटरिंग कर रहे है इसी कड़ी में सेजेस कन्या शाला में राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मड़ौदा उमा शाला पहुंचे जहाँ एक ही परिसर में संचालित पूमाशा के प्रधान पाठक को मध्यान्ह भोजन संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया और एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक आहूत कर मध्यान्ह भोजन बनाने वाले महिला समूह को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत नियमानुसार कार्य करने का निर्णय लेने निर्देशित किया गया। पूमाशा धनगॉव मे शाला समय पूर्व बंद और प्रपा अंशुल गुप्ता, सहायक शिक्षक मुकेश कुमार लोधी अनुपस्थित पाए गए जिन्हे कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। प्राशा के शिक्षकों की दैनंदनी का अवलोकन करने पर संधारण मे अनियमितता मिलने पर उन्होने दैनंदनी पूरा कर निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करने कहा। निरीक्षण दौरान धनगॉव मे ही प्राथमिक शाला स्टाफ उपस्थित पाने पर उन्होने इसकी सराहना करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने कहा।



## खबर संक्षेप

### राजयोगी सूरज का आज आगमन



**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से वरिष्ठ राजयोग शिक्षक राजयोगी सूरज भाई का आज राजनांदगांव आगमन होने जा रहा है। उनके सानिध्य में 6 एवं 7 सितंबर को ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के डोंगरगांव रोड गोकुलनगर के आगे बिजली सब- स्टेशन के पास नवनिर्मित भवन ज्ञान मानसरोवर में योग तपस्या भट्ठी का कार्यक्रम होगा। इस योग तपस्या भट्ठी में ब्रह्माकुमारीज से जुड़े हजारों भाई-बहनें शामिल होंगे।

### ग्रामीण युवा मोर्चा ने किया स्वागत



**राजनांदगांव।** जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के मार्गदर्शन एवं जितेंद्र साहू अध्यक्ष युवा मोर्चा राजनांदगांव ग्रामीण के नेतृत्व में ग्रामीण मंडल के ग्राम टेडेसरा में नवनियुक्त प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिया का राजनांदगांव प्रथम आगमन पर युवा मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह एवं मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने दिए। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा ग्रामीण युवा मोर्चा द्वारा आत्मीय स्वागत के लिए आभार करते प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे, इसलिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को काम करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जनपद सभापति साकेत दाऊ, युवा मोर्चा महामंत्री नील निर्मलकर, सरपंच चुनेश्वर साहू, युवा मोर्चा शत्रुघन मानिकपुरी, अविनाश साहू, अजय साहू, तेजप्रकाश सिन्हा, छबि यदु, गोपाल साहू, महामंत्री संदीप साहू, पाशपाल साहू, अनिल साहू, पवन सोनी, राधेश्याम साहू, अवधेश मिश्रा, रोशन शर्मा, भीष्म साहू, रोहित विश्वकर्मा, शुभम देशमुख, धर्मेंद्र साहू, विजय साहू, प्रताप साहू, कौशल साहू, मानसिंह साहू, अजय राजपूत, लक्ष्मण साहू, अंगद साहू, मनीष साहू, बलदेव साहू, मनहरन साहू, निखिल साहू, पिंटू देशमुख, रूपेश साहू, राहुल देवांगन, दीपक मानिकपुरी, हर्ष कौशिक, साहिल लहरे, यशवंत साहू, लीला साहू अन्य लोग शामिल थे।

### सम्मान के साथ नदी में करें विसर्जन



**राजनांदगांव।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने गणेश विसर्जन अनंत चतुर्दशी पर्व की शुभकामनाएं देते कहा कि अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश की प्रतिमा को नदी अथवा सरोवरों में सम्मान के साथ विसर्जन करें। भगवान गणेश प्रतिमा को न फेंकें, न धकेले और न अपमानित ढंग से विसर्जित करें।

श्री पिल्ले ने 11 दिनों तक शहर में गणेशोत्सव पर्व की गरिमा बनाए रखने तथा इस दौरान संस्कारधानी नगरी के अनुरूप भगवान गणेश की पूजा-भक्ति सहित धार्मिक, सांस्कृतिक व अन्य रूचिमय आयोजन करने के लिए गणेश समितियों का आभार भी जताया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह विघ्नहर्ता भगवान गणेश को आदरपूर्वक विराजित कर उनकी पूजा-पाठ, ध्यान-साधना आरती की गई, उसी तरह भगवान गणेश की गरिमा बनाए रखने नदी-सरोवरों में उनका विसर्जन फेंक कर या धकेल कर न करें।

उन्होंने भगवान गणेश स्थापना करने वालों से अपील की है कि विसर्जन स्थल में भगवान गणेश का विसर्जन पूजा आराधना के उपरांत आदर सम्मान व धार्मिक गरिमा के साथ करें।

## गातापार में थाना दिवस का आयोजन

# समस्याओं का निराकरण से खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पुलिस टीम केसीजी द्वारा सितंबर माह के प्रथम गुरुवार को थाना गातापार में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक केसीजी लक्ष्य शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन किया गया।

जिला पुलिस टीम केसीजी द्वारा जिले के सभी थानों व चौकी में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गए हैं। जिसके परिपालन में 4 सितंबर को थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों और आमजनों को थानों में आमंत्रित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों व सुझाव पर खुली चर्चा के लिए प्रोत्साहित किया गया।



### अधिकारियों ने थाने में सुनी समस्याएं

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम के थाना ठेलकाडीह एवं चौकी जालबांधा में, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप येरेवार द्वारा गंडई एवं छुईखदान में, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मानकराम कश्यप द्वारा थाना खैरागढ़, मुख्यालय उप पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्रा द्वारा थाना मोहगांव एवं सल्हेवारा में एवं सायबर सेल प्रभारी केसीजी धर्मेंद्र वैष्णव द्वारा बकरकट्टा में उपस्थिति देकर क्षेत्रांतर्गत आए समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया।

### लोगों ने की सराहना

थाना दिवस का आयोजन कर वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिलेभर में शराबखोरी, नशेबाजी और किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना दिवस का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में पुलिस एवं आम नागरिकों के मध्य संबंधों को मधुर बनाकर और मजबूती प्रदान करना है। साथ ही उनकी समस्याओ और चिंताओ के त्वरित निदान, जागरूकता अभियान, सूचना साझा करने हेतु यह आयोजन सभी थानों में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित की जाएगी। जिला केसीजी पुलिस टीम के इस नवाचार का आमजनों द्वारा काफी सराहा जा रहा है।

### सायबर अपराध संबंधी दी जानकारी

इसी तारतम्य में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक जिला केसीजी लक्ष्य शर्मा द्वारा थाना गातापार में उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही सायबर फ्रॉड एवं नए आपराधिक कानून के सम्बंध में जानकारी, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने के अलावा सायबर अपराध संबंधित जानकारी दिया गया।

### मवेशियों को उचित स्थान पर रखे सुरक्षित

सायबर संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने हेतु सभी थाना व चौकी प्रभारियों को क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों व वार्डों में सायबर जागरूकता व यातायात जागरूकता का आयोजन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस स्टाफ के साथ-साथ आम नागरिकों को मवेशियों को उचित स्थानों पर सुरक्षित रखने की हिदायत दिया गया, ताकि हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सके। आमजन को यह भी बताया गया कि सायबर संबंधी धोखाधड़ी होने पर तत्काल सायबर हेल्प लाइन नंबर पोर्टल पर दर्ज कराएं और यदि अनजान नंबर से बार-बार धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है तो संचार क्रांति के चक्षु नामक पोर्टल पर दर्ज कराए। जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी थाना दिवस के अवसर पर अलग-अलग थानों में जाकर समस्याओं के निराकरण हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पशु तस्करी मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

■ लालबाग पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से पशु तस्करी मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। इससे पूर्व दो आरोपियों पर पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत विगत माह पुलिस को मुखबीर से मोबाइल से सूचना मिला था कि ग्राम मरेठा नवागांव में कीर्तन साहू के मकान के पास अवैध रूप से एक पिकअप वाहन में मवेशी ठूंस-ठूंसकर भरकर महाराष्ट्र की ओर कत्लखाना ले जाने की फिराक मे है।

### पिकअप से 9 मवेशी बरामद

इस सूचना पर पुलिस स्टाप ग्राम मरेठा नवागांव कीर्तन साहू के घर के पास पहुंचे। एक पिकअप वाहन।

जिसमें मवेशी भरा हुआ वाहन सहित बजरंग दल के कुछ व्यक्ति ने पकड़कर रखे थे। आरोपी को उक्त सभी मवेशी ले जाने के संबंध में बिक्रीनामा दस्तावेज कोई सक्षम अधिकारी से जारी किया गया दस्तावेज एवं मवेशियों को परिवहन हेतु को अनुज्ञा पत्र पेश करने हेतु नोटिस दिया गया, जो कि कोई दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिया गया। आरोपी के कब्जे से 9 नग मवेशी एवं 1 नग पिकअप वाहन जब्त किया गया।

### आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में थाना लालबाग में धारा 4, 6, 10 छग .कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं 11(1)(ट) पशुक्रूरता अधिनियम निवारण 1960 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।पुलिस के अनुसार मौके से फरार आरोपी मोहम्मद वसीम को 2 सितंबर को नागपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया एवं 3 सितंबर को प्रकरण के अन्य तीन फरार ओरापी कीर्तन साहू, हुमेश कुमार उर्फ बाटु उइके एवं नील कमल कोर्राम को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया।

### सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, विजय कुमार सोनी आ.राम प्रसाद सोनी, निवासी मकान नं. 18, वार्ड नं. 20, लालबाग स्ट्रीट नं. 01, तह. व जिला राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूँ जो कि शपथ पूर्वक कथन करता हूँ -

मेरा आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा नाम विजय कुमार सोनी (VIJAY KUMAR SONI) व मेरे पुत्र के पासपोर्ट में मेरा नाम विजय सोनी (VIJAY SONI) दर्ज है, जबकि दोनों नाम मुझ शपथकर्ता का ही है। मेरे शासकीय/ अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम विजय कुमार सोनी (VIJAY KUMAR SONI) दर्ज है।

अतः यह सूचना मेरे नाम के स्पष्टीकरण के संबंध में प्रस्तुत है।

**विजय कुमार सोनी**
(VIJAY KUMAR SONI)
पिता- रामप्रसाद सोनी
मकान नं. 18, वार्ड नं. 20
लालबाग स्ट्रीट नं. 01,
तह. व जिला राजनांदगांव छ.ग.

# हल्के व भारी वाहनों पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में 6 सितंबर को श्रीगणेश विसर्जन झांकी के दौरान आम जनता के अवागमन हेतु पुलिस ने ट्रैफिक एडवायजरी जारी की है। इस दौरान शहर में आने वाले हल्के एवं भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है।

ज्ञात हो कि 6 सितंबर को शहर में गणेश विसर्जन झांकी निकाली जाएगी। आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी जारी की गई है।



### गंज चौक से झांकियां बाहर निकलेगी

मानव मंदिर चौक में (महावीर चौक, गुरूद्वारा चौक एवं दुर्गा चौक) तीनों ओर से झांकियां प्रवेश कर आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक से गंज चौक से शहर के बाहर निकलेगी।

### पार्किंग स्थल निर्धारित

डोंगरगांव एवं बालोद की ओर से आने वाली सभी दुपहिया वाहनों की पार्किंग स्थल साइंस कॉलेज, गुजराती स्कूल एवं बख्शी स्कूल, तुमड़ीबोड़ एवं सुकुलदैहान की ओर से आने वाले दुपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल प्यारेलाल स्कूल, खैरागढ़ एवं दुर्ग की ओर से आने वाले दुपहिया वाहनों का पार्किंग स्थल स्टेटस्कूल एवं फ्लाई ओवर के नीचे रहेगा।

### आज शाम से कल सुबह तक पूर्णतः प्रतिबंधित

जिसके तहत 6 सितंबर की शाम 4 बजे से 7 सितंबर सुबह 9 बजे तक के लिए एडवायजरी जारी किया गया है। जिसके तहत फरहद चौक, ट्रांसपोर्ट नगर, मोहारा बायपास, गठुला, सीआईटी बायपास से राजनांदगांव शहर की ओर आने वाली सभी हल्के एवं भारी चार पहिया वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# विधानसभा अध्यक्ष रमन ने सौंपा 6 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति आदेश

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष निवास जीई रोड़ राजनांदगांव में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव नगर निगम के दिवंगत कर्मचारियों के 6 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि आज निगम में कार्यरत 6 दिवंगत कर्मचारियों के परिवार से अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति बहुत आवश्यक है, क्योकि परिवार के मुखिया का यदि आकस्मिक निधन हो जाए तो परिवार के उपर हर प्रकार का संकट आ जाता है। अनुकंपा नियुक्ति मिल जाने से थोड़ी राहत मिलती है, जिन्हें आज नियुक्ति पत्र दी जा रही है।

कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु समेत सुनील साहू, सावन वर्मा, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, आलोक श्रोती, डीलेश्वर साहू, वर्षा शरद सिन्हा, शिव वर्मा, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, सदीप बघेल, अरूण साहू, डूरेन्द्र साहू, सेवक उईके, चंद्रिका साहू, रीना सिन्हा, सतीश साहू, चंद्रशेखर लस्करे शामिल थे। इस अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि आज नगर निगम के 6 आश्रितों क्रमशः कुणाल रगडे, शीतल रगडे, आयुष सोनी, पंकज बघेल, पुजा बांसफोड एवं गोपीकृष्ण यादव को उनके दिवंगत पिता या पति के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 से अब तक 17 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई, कोशिश यह की जा रही है कि सभी आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति मिल सके। कार्यक्रम में निगम के अधिकारी-कर्मचारी सहित आश्रितों के परिजन उपस्थित थे।

# पेंशनरों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य के नगर पालिक निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के 5 हजार पेंशनरों का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र पंजीकृत संस्था छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन 31 अगस्त को नगर निगम भवन बलरामदास टॉउन हॉल में आयोजित किया गया। सम्मेलन में 15 निकायों के 80 प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉ. जैन ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने पूर्व मध्यप्रदेश के शासनकाल में पेंशन योजना लागू करके बाबत किए गए आंदोलन का विवरण दिया। सम्मेलन में नगर निगम राजनांदगांव, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, कोंडागांव के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार एवं सुझाव रखे।



सम्मेलन के समक्ष प्रस्तुत विषय सूची के अनुसार संघ के वर्ष 2024-25 के आय-व्यय पत्रक की सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। इसके अलावा अन्य विषयों को लेकर भी निर्णय लिया गया।

सम्मेलन के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव के आगमन पर उनका स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में डॉ. जैन ने मुख्य अतिथि श्री यादव को पेंशनरों के सम्मेलन में दूसरी बार भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया तथा पेंशनरों की अन्य मांगों को शासन से स्वीकृत कराने की मांग की। महापौर यादव ने प्रांताध्यक्ष डॉ. जैन द्वारा पेंशनरों के हित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और आसवासन दिया कि उनकी मांगों की पूर्ति करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले दो पेंशनरों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

### यास्मीन का प्रयास विद्यालय के लिए चयन



**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोखला संकुल भर्रेगांव विकासखंड राजनांदगांव की छात्रा यास्मीन साहू पिता तुलदास साहू का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव के लिए हुआ है। यास्मीन शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। यास्मीन के पिता तुलदास साहू शाला प्रबंध समिति के सदस्य हैं। इसी वर्ष पूर्व में भी इस संस्था से एक छात्र प्रशांत का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर के लिए हुआ है। उक्त छात्र के चयनित होने पर संस्था प्रमुख एसके मेश्राम, एसएमसी अध्यक्ष महेंद्र निषाद, उपाध्यक्ष संगीता साहू, सरपंच चुम्मन साहू, शिक्षाविद लखन साहू, शिक्षकगण डीके चंद्राकर, डीके नामदेव, आरके यादव, प्रीति चतुर्वेदी, जेएल साहू, डीसी साहू, यामिनी ठाकुर, एसएमसी सदस्य देवकुमार साहू, ज्योति साहू, नगीना साहू, नारद साहू, मनोज साहू, नेमीचंद साहू, तुकेश्वर साहू, ममता साहू, कामिनी साहू, कांता ठाकुर ने शुभकामनाएं दी।

# वंदे भारत स्पर्धा में एनबीआईएस प्रथम

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने 30 अगस्त को अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा द्वारा आयोजित वंदे भारत समूह गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर समूह गीत में द्वितीय एवं समूह नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा प्रतिभागी बच्चों के साथ ही मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को बधाई देते आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य में आनंदी अवस्थी, आस्था जैन, कर्मन कौर भाटिया, पावनी मिश्रा, साक्षी साहू, वृद्धि शर्मा, हिमांशी वैष्णव, ईशान तिवारी, आर्यन श्रीवास्तव, शौर्य श्रीवास्तव, निकुम जैन, रुद्रांश जैन, पलक जोशी, खुशाग्र साहू, संस्कार राज वैष्णव व प्रणय शर्मा ने सहभागिता निभाई। सामूहिक गायन में शाला के दिव्यांश अग्रवाल, कनिष्का साहू, अनन्या कुशवाहा, दुलिशा परमार, रिद्धि जैन, मनन पंजवानी, कौस्तुभ




क्षीरसागर, काव्य अग्रवाल व अक्षत लोहिया ने हिस्सा लिया। बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

नृत्य का मार्गदर्शन शिक्षिका हेतल पित्रोड़ा, तरुण रामटेके व रेणुका गुप्ता द्वारा किया गया। वहीं समूह गायन में शिक्षक हेमंत हिरवानी, हेमंत साहू व श्रिया मार्जिवे द्वारा मार्गदर्शन किया गया। शाला के डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।






## सार समाचार

### विस अध्यक्ष करेंगे सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 6 सितम्बर 2025 को शाम 4 बजे भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में सीटी स्कैन मशीन



का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा एवं ट्रॉमा सेंटर स्थापना हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।
इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, अध्यक्ष सीजीएमएससी दीपक मस्के, अध्यक्ष पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, पूर्व विधायक रामजी भारती, रमेश पटेल, श्रीमती गीता साहू, पद्मश्री पुखराज बाफना, पार्षद वार्ड नंबर 20 कुलेश्वर ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### नीलकंठ राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

**राजनांदगांव।** उत्कृष्ट विद्यालय से 100 से अधिक बच्चों का चयन नवोदय, प्रयास और एकलव्य विद्यालयों में कराने वाले, समाज में शिक्षा, पर्यावरण और सेवा का आदर्श स्थापित करने वाले नीलकंठ कोमरे को



उनके अद्वितीय योगदान के लिए राज्यपाल पुरस्कार से 2024 सम्मानित किया गया।
प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट चयन कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर नीलकंठ कोमरे ने अपने विद्यालय से अनेक विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित करवाया। यह उपलब्धि न केवल उनके विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल का स्वागत

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का गुरुवार को जिले में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके स्वागत का मुख्य आयोजन तुमड़ीबोड़ मंडल में किया गया, जहां कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं



व नारों के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, युवा भाजयुमो नेता यश पारख, भाजयुमो महामंत्री तिमेश साहू, नसीब रात्रे, चमन वर्मा, रामनाथ वर्मा, अमरोतन साहू, चंद्रेश श्रीवास, उमेश साहू, कुंदन साहू, भोज ठाकुर, कमलेश साहू, देवाशीष वर्मा, अर्जुन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य यश पारख के नेतृत्व में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

**राजनांदगांव।** शिक्षक दिवस पर इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला संचालन समिति, नांदगांव शिक्षा मंडल के सह-सचिव उमेश



अग्रवाल तथा प्रशासक डॉ. आरएन सिंह उपस्थित थे। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने शिक्षकों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर स्मरण किया गया। उप सचिव उमेश अग्रवाल ने नांदगांव शिक्षा मंडल के शिक्षा के प्रति संकल्प की विस्तृत जानकारी शिक्षकों को उपलब्ध कराई। इसी क्रम में डॉ. आरएन सिंह ने राधाकृष्णन के अविस्मरणीय योगदान की चर्चा करते शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा ने शिक्षकों से आग्रह किया कि बच्चों की शिक्षा के साथ उनके विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। अंत में शिक्षकों सहित कर्मचारियों को उपहार प्रदान किए गए।

### रामकथा व रामलीला का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** श्री नागेश्वर मंदिर ढ़ीमरपारा वार्ड नंबर 39 हीरामोती वार्ड में संगीतमय रामकथा एवं रामलीला का शुभारंभ वार्ड पार्षद रवि सिन्हा द्वारा नारियल फोड़कर एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। यह आयोजन 4 से 15



सितंबर तक अनवरत रूप से चलेगा। इस अवसर पर पार्षद सिन्हा के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कांति सिन्हा समेत शिवनारायण पटेल, दुर्गेश धीमर, सतीश कुमार यादव व अन्य लोग शामिल थे। आयोजकों ने बताया कि इस रामकथा एवं रामलीला का भव्य समापन 15 सितंबर को होगा। जिसमें विशेष पूजा-अर्चना, भजन-संध्या एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### झांकियों का सम्मान करेगा मंदिर ट्रस्ट

**राजनांदगांव।** श्री बागेश्वर धाम मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा विसर्जन झांकियों का स्वागत, सम्मान किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक पंकज गुप्ता व सूरज गुप्ता ने बताया कि बागेश्वर धाम मंदिर के शिवभक्तों द्वारा विसर्जन झांकियों में नगर के सभी कोनों के नगरवासियों की सहभागिता निभाने व इसे महोत्सव का स्वरूप देने की कड़ी में विसर्जन झांकियों, भगवान श्रीगणेश का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। उन्होने कहा कि शहर की परंपरा को बनाए रखने की दिशा में ट्रस्ट द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उक्त स्वागत व सम्मान गंज लाइन स्थित श्री बागेश्वर धाम मंदिर ट्रस्ट के स्वागत मंच से किया जाएगा।

# मुल्क की तरक्की और खुशहाली की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश के 1500 साल पूरे होने का जश्न मुस्लिम समाज के लोगों ने काफी अजीमुश्शान जलसों के साथ मनाया। शहर में जुलूस-ए -मोहम्मदी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान नारे तकबीर से शहर की सड़कें गूंजती रही।

दुनिया में अमन, शांति, भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम देने वाले पैगंबर हजरत मोहम्मद की आमद के दिन को मुस्लिम समुदाय द्वारा हर्षोल्लास के साथ ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया गया। इस साल हुजूरेपाक की यौमे विलादत के 1500 वर्ष पूरे होने को लेकर समाज के लोगों में अलग उत्साह था। इस मौके पर मुस्लिम समाज द्वारा अलग-अलग मस्जिदों के अतराफ से शहर में जुलूस निकाला गया और आका के मिलाद का जश्न मनाया गया।





**मिलाद की जश्न में झूमे :** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकली जुलूस में नात ख्वां आका की शान में खूबसूरत नात पेश करते चल रहे थे। इस दौरान शहर में जगह-जगह पर विभिन्न समाजसेवी संगठनों द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया। वहीं शहर के आजाद चौक के समीप शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद मिलादुन्नबी की बधाई और शुभकामनाएं दी।

### आका पर पेश किया दरूदो सलाम

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12 रबी-उल-अव्वल को पैगंबर हजरत मोहम्मद की पैदाइश हुई थी। इस दिन को समाज के लोग ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं। शहर के अलग-अलग क्षेत्र से जुलूस जामा मस्जिद पहुंची, जहां परचम कुशाई की गई। वहीं आका सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर दरूदो सलाम पेश किया गया। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों में खासा उत्साह नजर आया। बड़ी संख्या में समाज के लोग और बच्चे जुलूस में शामिल हुए।

### पैगंबर दुनिया में रहमत बनकर आए

शहर जमा मस्जिद कमेटी के सदर रईस अहमद शकील ने बताया कि इस साल पैगंबर हजरत मोहम्मद की पैदाइश का 1500 साल मनाया जा रहा है। जिसको लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमारे आका ताजदार-ए-मदीना इस दुनिया में तशरीफ लाए थे। अल्लाह ने अपने प्यारे हबीब को इस कायनात में रहमत बनाकर भेजा था। पैगंबर हजरत मोहम्मद ने दुनिया में अमन और शांति का पैगाम दिया है।

## मोहारा में विसर्जन से पहले तैयारियां पूर्ण, अफसरों की तैनाती

# गाजे-बाजे के साथ आज विदा होंगे बप्पा, विसर्जन के लिए कुंड तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दस दिनों के महा उत्सव के बाद आज गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का समय आ गया है। गणेश उत्सव के अंतिम दिन यानी अनंत चतुर्दशी के दिन भक्त गणपति की प्रतिमा को नदी, तालाब या घर में विसर्जित कर उन्हें अगले साल आने के लिए निमंत्रण देते हैं। शहर में ही दो हजार से अधिक बड़ी-छोटी मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा, जिनके लिए मोहारा में कुंड तैयार किया गया है।

पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास की चतुर्थी तिथि इस बार 6 सितंबर शनिवार सुबह 3.12 बजे से शुरू होगी और 7 सितंबर रविवार की रात 1.41 बजे तक रहेगी। ऐसे में 10 दिन की पूजा के बाद गणपति विसर्जन 6 सितंबर शनिवार को किया जाएगा।

नगर निगम ने भी शहर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों से विसर्जन के लिए आने वाली मूर्तियों के लिए व्यवस्था की है। आज 6 व 7 सितंबर को गणेश विसर्जन के लिए मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुंड में विसर्जन कराए जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। विसर्जन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल, कपड़े, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने के अलावा रानीसागर, सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने-ले-जाने वाहन की व्यवस्था गई है। इन सबके लिए उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है।

### शुक्रवार से ही विसर्जन का दौर शुरू



### कल रात चंद्रग्रहण, दोपहर से सूतक

हिंदू धर्म में चंद्रग्रहण को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भारतीय समयानुसार ग्रहण का आरंभ रात 9.57 बजे होगा। इस दौरान ग्रहण का पूरा प्रभाव भारतवर्ष में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। बताया गया कि चंद्रग्रहण से लगभग नौ घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है, इसलिए 7 सितंबर को दोपहर 12.57 बजे से सूतक का आरंभ होगा और ग्रहण के समाप्त होने तक इसका प्रभाव रहेगा।

### दिनभर कई शुभ मुहूर्त

पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार आज गणपति विसर्जन के लिए सुबह 7 बजकर 36 मिनट से लेकर 9 बजकर 10 मिनट तक का समय शुभ रहेगा। दोपहर 12 बजकर 19 मिनट से लेकर 5 बजकर 2 मिनट का समय बेहद शुभ है। गणपति बप्पा के विसर्जन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 37 मिनट पर शुरू होगा और 8 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। रात के समय गणपति विसर्जन के लिए शुभ मुहूर्त 9 बजकर 28 मिनट पर शुरू होगा और अगले दिन 1 बजकर 45 मिनट पर खत्म होगा।

## स्ट्रेचर में शव रखकर एनएच पर चक्काजाम



**राजनांदगांव।** शहर के कृष्णा अस्पताल में डिलीवरी के लिए पहुंची एक महिला की मौत के मामले को लेकर आज उसके परिजनों ने अस्पताल के सामने स्ट्रेचर में महिला का शव रखकर चक्काजाम किया और अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।

डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम मेरेगांव से डिलीवरी के लिए पहुंची महिला की डिलीवरी के बाद हालत बिगड़ती चली गई। इसके बाद उसे अस्पताल प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में रेफर किया गया, जहां उसकी शहर के संजीवनी अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने कृष्णा अस्पताल पर इलाज में लापवाही का आरोप लगाया और महिला का शव लेकर कृष्णा अस्पताल पहुंच गए। यहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति उनकी बातों का जवाब देने सामने नहीं आया तो आक्रोशित परिजन अस्पताल के सामने नेशनल हाईवे में स्ट्रेचर पर महिला का शव रखकर चक्काजाम कर दिया।

### डिलीवरी के बाद स्थिति खराब

21 वर्षीया सरोज पटेल को डिलीवरी के लिए अस्पताल लाया गया था। जिसकी डिलीवरी कराई गई और उसने एक बालक को जन्म दिया, लेकिन इसके बाद उसकी स्थिति काफी खराब होती चली गई। दो दिन तक अस्पताल में रखने के बाद उसे रेफर किया गया। महिला के पति ओंकार पटेल ने कहा कि उनकी पत्नी को सिर दर्द और झटके आ रहे थे।

### प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग

परिजनों ने बताया कि लगभग 10 माह पहले ही महिला की शादी हुई थी। इस पूरे मामले में मृतिका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग की है।

**घोरतलाव मार्ग पर देर रात हुई वारदात**

# अवैध शराब के लिए आवाज उठाना पड़ा भारी, भाजपा के जनपद सदस्य और पत्नी पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम घोरतलाव क्षेत्र में अवैध शराब व जुआ-सट्टा के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले वाले भाजपा के जनपद सदस्य एवं सभापति पलनी स्वामी नायडू तथा उनकी सरपंच पत्नी उर्मिला नायडू को भारी पड़ गया। देर रात अज्ञात आरोपियों ने लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले को लेकर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वारदात उस वक्त हुई, जब जनपद सदस्य अपनी पत्नी के साथ तेलीनबांधा में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। घोरतलाव मार्ग पर दो अज्ञात आरोपियों ने उनकी गाड़ी पर डंडे से वार कर दिया। घटना के दूसरे दिन शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दे दी गई । बागनदी थाना में भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



### हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

गुरुवार को रात्रि साढ़े दस बजे तेलीनबांधा में रामायण कथा से वापसी के दौरान अज्ञात दो आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर आरोपी भाग खड़े हुए। इस हमले में उनकी कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी लगने पर आज दूसरे दिन क्षेत्र के ग्रामीण बड़ी संख्या में बागनदी थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराकर अज्ञात हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बीते दिनों कार्रवाई की मांग पर सौंपा था ज्ञापन

ज्ञात हो कि बीते एक पखवाड़े से पंचायत एवं क्षेत्र में भाजपा के जनपद सदस्य एवं सभापति पलनी स्वामी नायडू एवं उनकी धर्मपत्नी सरपंच श्रीमती उर्मिला नायडू अपने क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं, ताकि क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। इसी कड़ी में बीते दिनों पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग भी की गई थी।




# 10 दिन में 140 मामलों में पुलिस ने की 153 आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** श्री गणेशोत्सव सहित लगातार पर्वों के चलते जिला पुलिस अलर्ट है। पुलिस द्वारा व्यापक व्यापक रूप से अवैध शराब बिक्री एवं गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। दस दिनों में 140 मामलों में 153 आरोपियों पर कार्रवाई की गई।

गणेश उत्सव के दौरान जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु राजनांदगांव पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें।

### आबकारी एक्ट में 62 पकड़ाए

जिस पर विगत 10 दिनों में विभिन्न लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक जिसमें आबकारी एक्ट के तहत 62 प्रकरणों में 62 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई, जिस 34(1) और 34(2) के प्रकरणों में आरोपियों के पास से 63.18 बल्क लीटर देशी-विदेशी अवैध शराब कीमती 30910 रुपए एवं बिक्री की रकम 30910 रुपए जब्त किया गया।

### आर्म्स एक्ट में 5 पर कार्रवाई

आर्म्स एक्ट के तहत 5 प्रकरण में 5 आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेजा गया। इसके अलावा अपराध में अंकुश लगाने हेतु गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों की लगातार चेकिंग करते 73 प्रकरणों में 86 आरोपियों के विरूद्ध 151 जाफौ (170/126, 135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई अभियान जारी रहेगा

गणेश पर्व एवं ईद शांति व सौहार्द्र रूप से संपन्न हो, इसके लिए पुलिस लगातार जिले में अपराधों की रोकथाम हेतु लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।






## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी के नन्हें मुन्हें बच्चों ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम नेवारीगुढ़ा में आंगनबाड़ी के नन्हे मुन्हे बच्चों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और शिक्षकों को उपहार देकर अपना प्यार और सम्मान व्यक्त किया। तत्पश्चात शिक्षकों ने बच्चों को आर्शीवाद व स्नेह दिया। यह उनके उत्साह और शिक्षकों के प्रति गहरी कृतज्ञता को दर्शाता है, आंगनबाड़ी शिक्षक केशर डाहिरे, चम्पा कोसरिया ने बच्चों को शिक्षक दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा जैसा कि भारत में हर वर्ष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाता है, एक महान शिक्षाविद और भारत के दूसरे राष्ट्रपति थें, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दिया। हर वर्ष 5 सितंबर को मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर कई स्कूलों और संस्थानों में आयोजित किया जाता है।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह उत्सव 1 से 8 सितंबर तक, ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक




**हरिभूमि कोलेगांव।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की निर्धारित 7 दिनों की गतिविधि के अंतर्गत गुरूवार को ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में ग्राम नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर व ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर के दिशा-निर्देश से उच्च प्राथमिक शाला पेंड्रीकला के स्कूली छात्र छात्राओ एवं स्थानीय निवासी ग्रामीणों द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जन-जागरूकता हेतु रैली, तख्ती व बैनर के माध्यम से लोगो को जन जागरूक करते हुए लोगो के बीच साक्षरता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं जिसमें भुवनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी व छात्र-छात्राएं व स्वयं सेवी शिक्षिका दमेश्वरी पटेल, पालक श्रीमती मालहीन बाई, त्रिवेणी यादव का सराहनीय योगदान रहा।

### आदर्श विद्या मंदिर हाई स्कूल में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**हरिभूमि कवर्धा।** आदर्श जनकल्याण संस्थान कवर्धा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित आदर्श विद्या मंदिर हाई स्कूल में शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत आदर्श विद्या मंदिर प्राचार्य राजूराम सिन्हा एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा मां शारदे एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पूजन अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रभाकर शुक्ला, संस्थान अध्यक्ष सुनील गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षक हरि विश्वकर्मा, युवा भाजपा नेता सचिन गुप्ता, संस्थान की श्रीमती सुलेखा गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक अंकुर गुप्ता आकाश उपस्थित थें। उद्बोधन में प्रभाकर शुक्ला द्वारा शिक्षक दिवस की महत्व पर प्रकाश डाला गया। वहीं अध्यक्ष डॉ तन्हा द्वारा शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताते हुए विद्यालय परिवार एवं आयोजन की प्रशंसा की गई। साथ ही श्रीमती सुलेखा गुप्ता ने शिक्षा एवं शिक्षक को समाज राष्ट्र एवं मानवता के लिए उपयोगी बताया। अंकुर गुप्ता आकाश ने आदर्श जन-कल्याण संस्थान द्वारा किए जा रहे सामाजिक साहित्यिक सांस्कृतिक आयोजनों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के 17 शिक्षकों का संस्थान द्वारा शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य राजूराम सिन्हा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### पीसीओडी जागरूकता हेतु कार्यशाला, महिलाओं को मिला आत्मविश्वास व समग्र उपचार का संदेश



**हरिभूमि कवर्धा।** कैंसर केयर एवं प्रसूति गृह और मनसयुक्ति समग्र स्वास्थ्य सेवाओं के संयुक्त तत्वाधान में पीसीओडी के समग्र उपचार एवं जन-जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ प्रेमलता जांगड़े ने पीसीओडी (पॉली सिस्टिक ओवरीयन डिजीज) के कारण, लक्षण एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक हार्मोनल असंतुलन से उत्पन्न विकार है, जिसमें अंडाशय में छोटे-छोटे सिस्ट विकसित हो जाते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में अनियमित मासिक धर्म, चेहरे पर पिंपल्स या अनचाहे बाल, वजन का घटना या बढ़ना, मूड स्विंग्स तथा गर्भधारण में कठिनाई शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या अनुवांशिक कारणों, अनियमित दिनचर्या, असंतुलित आहार और तनाव के चलते बढ़ सकती है। इस अवसर पर समग्र स्वास्थ्य सलाहकार एवं लाइफ कोच डॉ सुजाता पांडेय ने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और योग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए बढ़ते तनाव को कम करने के उपाय साझा किए। कार्यशाला में प्रतिभागी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। एक प्रतिभागी ने भावुक होते हुए कहा, जब मुझे पता चला कि मुझे पीसीओडी है और इसी कारण मैं मां नहीं बन पा रही थी, तब मैं खुद को बहुत अकेली और असहाय महसूस कर रही थी। लेकिन आज की कार्यशाला ने मुझे यह भरोसा दिया कि मैं अकेली नहीं हूं और इसका इलाज संभव है।

---

**शिक्षक दिवस : गुरु ही वे दीपस्तम्भ, जिनके ज्ञान, मार्गदर्शन और मूल्यों से जीवन की दिशा तय होती है : भावना**

# विधायक ने शिक्षक दिवस पर विस के समस्त प्राचार्यों व शिक्षकों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत के महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती और उनकी स्मृति में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय उड़िया कला में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा शिक्षक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत समस्त शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थ प्रत्येक प्राचार्यो एवं शिक्षकों को उनके निःस्वार्थ सेवाभाव, समर्पण एवं एक शिक्षित व सभ्य समाज के निर्माण में अतुलनीय भूमिका निभाने हेतु उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान विधायक भावना बोहरा द्वारा विधानसभा के लगभग 1500 से अधिक प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें जिन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका विशेष अभिनन्दन किया।

इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा के 20 शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य व विशेष योगदान के लिए शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन विधायक भावना बोहरा ने किया और सभी बच्चों को संबोधित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में लगभग हजारों की संख्या में समस्त शासकीय शिक्षक, प्राचार्य, छात्र-छात्राएं उनके अभिभावक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा के शिक्षकों एवं प्राचार्यो के समर्पण और एक सभ्य समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका हेतु उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एवं वेदांत दर्शन को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित कर आधुनिक भारत-शिक्षित भारत के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय, गुरुजनों की शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे चरित्र तथा राष्ट्र निर्माण और समाज में नई चेतना जगाने का कार्य करते हैं। गुरु ही वे दीपस्तम्भ हैं जिनके ज्ञान, मार्गदर्शन और मूल्यों से जीवन की दिशा तय होती है। सनातन संस्कृति और हमारे शास्त्रों में शिक्षकों को भगवान की संज्ञा दी गई है। शिक्षकों को भगवान ब्रम्हा, विष्णु, महेश के रूप में बताया गया है और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य भी है। हमारे शिक्षक निःस्वार्थ भाव से समाज को एक नई दिशा देने के साथ ही हमारे आने वाली पीढ़ियों और देश के उज्जवल भविष्य की नींव को मजबूत बनाते हैं। एक शिक्षक के लिए गर्व का समय तब होता है जब उनका शिष्य उनसे भी आगे निकल जाता है, इसमें उन्हें निराशा नहीं बल्कि गर्व होता है और यही एक अच्छे गुरु या शिक्षक की पहचान होती है।

## पंडरिया विस अपनी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता के लिए जाना जाता है



उन्होने भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद और पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर नमन कर आज का यह विशेष कार्यक्रम उनकी स्मृति और हमारे जीवन को ज्ञान, नैतिकता और प्रेरणा से रौशन करने वाले आप सभी शिक्षकों के प्रति समर्पित है। पंडरिया विधानसभा अपनी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता के लिए जाना जाता है। यहां के शिक्षक हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान देते हैं, बल्कि उन्हें जीवन के मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ाते हैं। पंडरिया के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में हमारे शिक्षक, बच्चों के भविष्य को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार निरंतर स्कूलों के उन्नयन, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैय्या कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा अभियान के तहत पंडरिया विधानसभा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहें हैं।

### इसमें हमारे शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है

विधायक ने बताया कि इसमें हमारे शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। वे बच्चों को न केवल अकादमिक सफलता के लिए तैयार करते हैं, बल्कि उन्हें एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा भी देते हैं। हमारे क्षेत्र में शिक्षक न सिर्फ कक्षाओं में पढ़ाते हैं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करते हैं। स्कूलों में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद और सामुदायिक गतिविधियां इस बात का प्रमाण हैं कि हमारे शिक्षक बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति की सोच को व्यापक और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाना है। हमारे शिक्षक इस विचार को अपने कार्यों से जीवंत करते हैं। वे हमारे बच्चों को नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं।

### समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (**NEP**) 2020 को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू किया गया है। यह नीति छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों, जैसे पंडरिया में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आज आप सभी शिक्षकों के उसी निःस्वार्थ भावना, समर्पण और पंडरिया विधानसभा की आर्थिक व सामाजिक विकास की यात्रा में बहमूल्य सहभागिता को नमन करने यह शिक्षक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। यह केवल एक वार्षिक आयोजन नही, बल्कि यह एक प्रतीक है हमारे गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का। इस अवसर पर उन्होने सभी शिक्षकों को आभार व्यक्त कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त किया साथ ही सभी छात्राओं से अपील कर अपने शिक्षकों का सम्मान करें, उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करें और उनके दिखाए मार्ग पर चलें।

---



# सात दिवसीय सतनाम धुनी व पंथी नृत्य आयोजित

■ बरबसपुर सहित आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम बरबसपुर के सतनाम गुरुद्वारा में सतनाम समाज के द्वारा 45 नग सतनाम अमर ज्योति कलश स्थापना एवं प्रज्जवलित कर सात दिवसीय सतनाम धुनी का धार्मिक आयोजन शुभारंभ किया गया। जिसमें सतनाम पंथ समिति अध्यक्ष विजय कोशले ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी बाबा गुरुघासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सात दिवसीय सतनाम धुनी का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का प्रारंभ 1 सितम्बर को बाबा गुरुघासीदास के सत्य, अहिंसा के प्रतीक जोड़ा जैतखाम व गुरुगद्दी की पूजा पाठ कर सतनाम पंथ के अनुयायियों द्वारा सतनाम धुनी का प्रारंभ किया गया। जिसमें सतनाम समाज के भंडारी साटीदार एवं सतनाम समाज के अनुयायियों तथा ग्रामवासी उपस्थित थें। बताया जाता है कि 1 से 7 सितम्बर तक आयोजित इस सात दिवसीय सतनाम कार्यक्रम में 12 पंथी टोलियां का गठन किया गया है जो बारी-बारी से सतनाम धुनी में पहुंचकर सतनाम सतनाम का संदेश मादर, मंजीरा, झुमका एवं संगीत के माध्यम शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां आसपास के पंथी टोलियों द्वारा बाबा गुरुघासीदास के अमरवाणी उपदेश एवं संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस सात दिवसीय सतनाम धूनी के आयोजन से गिरौदपुरी धाम जैसा बरबसपुर के गुरुद्वारा परिसर धार्मिकमय का माहौल बना हुआ है। सतनाम धुनी को सफल बनाने के लिए सतनाम समाज के अनुयायियों जुटे हुए हैं।

# गुरुकुल में शिक्षक दिवस पर किया गया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में महान दार्शनिक, कुशल प्रशासक, शिक्षाविद, भारत गणराज्य के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस पावन अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी गण शाला के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस शुभ अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं ने मधुर संगीत प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिए। इस शुभ अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रस्तुत किए, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शाला के छात्र-छात्राओं ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन से संबंधित जानकारी प्रदान किए। शाला के प्राचार्य ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की महानता, विद्वता व उनके प्रेरणादायक प्रसंगो की सारगर्भित जानकारी से सभी को अवगत कराया। शाला के प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक एक दीपक की तरह होता है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। संस्था के निदेशक ने सभी शिक्षकों से शिक्षक दिवस पर शाला के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना व उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने की कामना की। शाला में कार्यरत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोरंजन हेतु खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शाला की छात्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण प्राचार्य सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं दी। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्र-गान के साथ हुआ।



### गुरुकुल में 150 विद्यार्थियों ने की जीवंत गणेश प्रतिमा की रचना



**हरिभूमि कवर्धा।** गुरूकुल पब्लिक स्कूल अपनी अकादमिक शिक्षण के साथ ही शिक्षणेत्तर गतिविधियों के द्वारा भी अपने सामाजिक सरोकारों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी तारतम्य में विद्यालय ने विघ्नहर्ता गणेश के आविर्भाव दिवस गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर विशिष्ट कीर्तिमान रचा। नृत्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के विशेष निर्देशन में गुरूकुल पब्लिक स्कूल के 150 विद्यार्थियों ने विद्यालयीन गणवेश में ही जीवंत गणेश प्रतिमा की रचना की। यह संगीतात्मक रचनाधर्मिता ने अपनी विशिष्टता के कारण विभिन्न सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर धूम मचाई हुई है। इसे विद्यार्थियों, पालकों के साथ ही सर्वसाधारण में भी सराहा है। इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारीगण तथा प्राचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई तथा गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी।

## सड़क में आवारा मवेशियों का कब्जा, हो रहे सड़क हादसे के शिकार

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर जेवड़न चौक स्थित है जहां सड़क के बीचों बीच घुमंतू मवेशी के जमावड़ा होने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रफ्तार वाहन के चपेट में आने से मवेशी सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे है। लेकिन विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन से इस ओर ध्यान देने तथा उचित कार्यवाही की जाने की अपील की गई ताकि सड़क हादसे में घुमंतु मवेशियों की जान बच सके।

---

**आसपास क्षेत्र के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

# जिले में सॉफ्टबॉल प्रीमियर लींग टूर्नामेंट का आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी द्वारा कवर्धा में पहली बार सॉफ्टबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट 2025 का भव्य आयोजन 05 से 07 सितंबर तक छीरपानी कॉलोनी मैदान में आयोजित किया गया। जिसमे रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, सारंगढ़, बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, रायगढ़, बिलासपुर और कवर्धा के सीनियर व जूनियर खिलाड़ियों द्वारा खेला जाएगा, जिसमें 9 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं नेशनल मेडलिस्ट खिलाड़ी सम्मिलित हो रहे है। इस प्रतियोगिता में कुल चार टीम स्पार्टन, रेड विंग्स, पायरेट्स, बस्तर टाइगर सॉफ्टबॉल टीम बनाया गया है सभीं टीम में 14-14 खिलाड़ी होंगे। जिसके बीच यह प्रतियोगिता होगा इसके साथ ही आईपीएल के तर्ज पर इस आयोजन के नियम बनाया गया है। जिसमें सबसे पहले सभी टीम लीग मैच खेलेंगे उसके बाद क्वालीफायर 1, एलिमिनेटर राउंड एवं क्वालीफायर 2 होगा उसके बाद ग्रैंड फाइनल होगा सभी मैच 3 इनिंग के खेले जाएंगे फाइनल मैच 5 इनिंग का मुकाबला होगा जिसमें जितने वाली टीम को ट्रॉफी, मेडल प्रदान किया जाएगा। अकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि इस टूर्नामेंट का पहला मैच स्पार्टन और बस्तर टाइगर के बीच खेला गया, जिसमें स्पार्टन की टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन से 03-00 से बस्तर टाइगर को हराकर इस प्रतियोगिता में जीत के साथ शुरुआत किए। वही इस टूर्नामेंट का मेन ऑफ दी मैच मयंक राजपूत को मिला जिन्होंने इस मैच में बहुत ही शानदार हीटिंग व फील्डिंग से टीम को जीतने में अपना उत्कृष्ट योगदान दिया, साथ ही पिचिंग भूपेंद्र गढ़े ने किया जिन्होंने बस्तर टाइगर की टीम को शून्य पर रोककर रखा रहा। इसी तरह आज के दूसरा लीग मैच रेड विंग्स विरुद्ध पायरेट्स के बीच हुआ जिसमे दोनों टीमों का स्कोर दो इनिंग तक शून्य रहा दोनों टीम के पिचर किशन महानंद और मानस केशरवानी ने शानदार पिचिंग कर रहे है इसी तरह कुल 6 लीग मैच होंगे जिसके टॉप दो टीम सीधा क्वालीफायर 1 में प्रवेश करेगा जिसमें जीतने वाली टीम सीधा ग्रैंड फाइनल में एंट्री करेगा और हारने वाली टीम को एक मौका क्वालीफायर 2 में मिलेगा यह बहुत ही रोमांच भरा टूर्नामेंट होने वाला है जो कवर्धा में पहली बार होगा। वहीं इस टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, कैलाश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, उमंग पांडेय, आकाश आहूजा, दीप शर्मा एवं अन्य अतिथियों द्वारा इस मैच का उद्घाटन किया गया।

# पानी निकासी नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह से जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम बसनी से घोरपेंड्री प्रधानमंत्री सड़क की हालत पूरी तरह से जर्जर व सड़क पर जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। जिसमें ग्रामवासियों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह सड़क सिर्फ गांव वाले के लिए ही उपयोगी सड़क है जो कि ग्राम बसनी से घोरपेंड्री मार्ग तक सीमित है। इस पीएम सड़क का उपयोग ग्राम के ग्रामीणों व राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है, वहीं देखरेख के अभाव में यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। साथ ही साथ प्रधानमंत्री सड़क के दोनों बाजू नाली निर्माण होना था लेकिन सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने के चलते पानी निकासी नहीं होता जिससे बारिश का पूरा पानी रोड में जलभराव की स्थिति से रोड पूरी तरह से जर्जर व तालाब में तब्दील हो चुका है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग कर समय रहते प्रधानमंत्री सड़क की मरम्मत किया जाए और दोनों ओर नाली का निर्माण किया जाए ताकि आने जाने वाले ग्रामीणों को सुविधा मिल सकें।



**समस्या:** लगभग दो गुने बिजली बिल को देख उपभोक्ताओं में असंतोष व नाराजगी

# दर बढ़ोत्तरी के साथ अब बिजली बिल फुल, लोगों का बिगड़ा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को मंहगी बिजली से राहत दिलाने के लिए प्रारंभ की गई बिजली बिल हाफ योजना को हाल ही में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है। वहीं घरेलू बिजली दरों में भी 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है।

जिसका सीधा असर अब इस बार के बिजली बिल में देखने को मिल रहा है। बताया जाता है कि हाफ बिजली बिल योजना के बंद होने और घूरेलू बिजली दर में 25 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी के बाद सितम्बर माह में कबीरधाम जिले के उपभोक्ताओं को जो बिजली बिल थमाया जा रहा है उसे देख उपभोक्ताओं की आंखे फटी की फटी रह जा रही है। जिला मुख्यालय कवर्धा के ही विद्युत उपभोक्ताओं की माने तो बिजली बिल हाफ योजना के तहत जो बिल उनका आया करता था वह इस बार दो गुना हो गया है।

मसलन अगर कोई उपभोक्ता हाफ बिजली बिल योजना के तहत करीब 900 रूपए बिजली बिल का भुगतान करता था, उसे लगभग दो गुना यानि 1800 रूपए का बिजली बिल थमाया गया है। पहले ही कमर तोड़ मंहगाई की मार झेल रहे उपभोक्ताओं ने बताया कि इस योजना के बंद किए जाने से उनके ऊपर भारी आर्थिक बोझ पड़ते दिखाई दे रहा है और उनका घरेलू बजट गड़बड़ा गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट तक की बिजली खपत पर उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ दिया जाता था लेकिन भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने अब इसे समाप्त करते हुए मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हाफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगी।

इसके अलावा भाजपा सरकार ने घरेलू बिजली दर में 25 पैसे प्रति युनिट की बढ़ोत्तरी की है और यह बढ़ोत्तरी भी उपभोक्ताओं को जले पर नमक की तरह टीस दे रही है।



**उपभोक्ताओं में नाराजगी**

बढ़ा हुआ बिजली बिल हाथ में आने के बाद अब उपभोक्ताओं में प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रति असंतोष और नाराजगी देखने को मिल रही है। उपभोक्ताओं का साफ कहना है कि प्रदेश की भाजपा सरकार महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास जैसी जनकल्याणकारी योजना के नाम पर हितग्राहियों की जेब में पैसा तो डाल रही है लेकिन उसे इस तरह के हथकंडे अपनाकर वापस निकालने में भी देरी नहीं कर रही है।

# शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची नींव: उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा




- जिले के 70 सेवानिवृत्त शिक्षक और 20 विद्यालयों के प्राचार्य किए गए अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाए जा रहे शिक्षक दिवस के अवसर पर कवर्धा में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौक में आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में सितंबर 2024 से अगस्त 2025 के बीच सेवानिवृत्त हुए 70 शिक्षकों को शाल-श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा सत्र 2024-25 में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले 20 विद्यालयों के प्राचार्यों का भी अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, लोकचंद साहू, पार्षद अजय ठाकुर, सतविंदर पाहुजा, सुरेश दूबे, आदित्य श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची नींव हैं। शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि संस्कार और जीवन मूल्यों की धरोहर है जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी शिक्षक ही आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सफल व्यक्ति के पीछे किसी न किसी शिक्षक का मार्गदर्शन और प्रेरणा होती है। शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहते बल्कि जीवन जीने की कला और आदर्शों का भी संचार करते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और शिक्षकों को सम्मान देने के लिए लगातार प्रयासरत है। नई पीढ़ी को प्रतिस्पर्धी युग में आगे बढ़ाने के लिए शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का बीजारोपण केवल शिक्षक ही कर सकते हैं। शिक्षक ही विद्यार्थियों को तरास कर एक सच्चा नागरिक बनाता है जो आगे चलकर अपना और अपने देश का नाम रौशन करता है।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, डीजी पात्रा एवं एमआईएस प्रशासक सतीश यदु, डीएमसी नकुल पनागर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कवर्धा संजय जायसवाल सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, शिक्षा अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### संस्कार स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

**कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड के ग्राम सेमरकोना में संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र एवं सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन की विधि विधान से पूजा अर्चना कर धूमधाम से बच्चों द्वारा शिक्षकों को आराम देकर स्वयं शिक्षक के रूप छोटे क्लास के बच्चों को पढ़ाया गया। तत्पश्चात बाद बच्चों ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का पूजन कर उपहार प्रदान किए। जिस पर संस्था प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों को आगे बढ़ने प्रेरित किया और शुभाशीर्वाद प्रदान किए।

### महाविद्यालय में जन-जागरूकता अभियान



**पिपरिया।** श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में पुलिस विभाग थाना पिपरिया द्वारा साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को साइबर अपराध और उनसे सतर्क रहने के तरीकों के बारे में जन जागरूक करना था। सहायक उप निरीक्षक बीरबल वर्मा ने विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन धोखाधड़ी, वित्तीय धोखाधड़ी, इंटरनेट मीडिया पर होने वाले अपराध और ओटीपी शेयर करने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास ने छात्राओं को बताया कि अज्ञात लिंक पर क्लिक करने, किसी व्यक्ति के साथ निजी जानकारी साझा करने और कमजोर पासवर्ड का उपयोग करने से बचना कितना महत्वपूर्ण है। साइबर जागरूकता ही साइबर अपराधों से लड़ने का सबसे प्रभावी तरीका है। साथ ही न्यायालयीन प्रक्रिया, नशा मुक्ति, यातायात नियम के बारे में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में दिनेश, दीनदयाल कौशिक, श्रीमती रमशिया कवर (प्रधान आरक्षक) सत्येंद्र चंद्रवंशी, बृजभूषण वर्मा, सीआर साहू व समस्त प्राध्यापकगण एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# कवर्धा को मिली एक और ऐतिहासिक सौगात, राज्य की 5 वी क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारंभ आज

- उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य अपराधों की जांच और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और सशक्त बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम रखने जा रहा है। 06 सितंबर 2025 को कबीरधाम जिले में प्रदेश की 5वीं क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारंभ होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तथा कवर्धा के क्षेत्रीय विधायक व उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से यह प्रयोगशाला स्थापित हो रही है। प्रदेश में न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के विस्तार का यह क्रम विजय शर्मा की सक्रियता और दूरदर्शी दृष्टिकोण का परिणाम है। अपराधों की जांच में वैज्ञानिक आधार की अनिवार्यता को समझते हुए उन्होंने इस दिशा में लगातार पहल की है।



उनके सतत प्रयासों से राज्य में अपराध न्याय प्रणाली को तकनीकी मजबूती मिल रही है। शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय द्वारा की जाएगी एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का कार्य केवल अपराधों से संबंधित साक्ष्यों का परीक्षण करना ही नहीं है, बल्कि यह अपराध न्याय प्रणाली की रीढ़ की हड्डी के समान है।

हत्या, डकैती, बलात्कार, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों में वैज्ञानिक परीक्षण के बिना न्यायिक प्रक्रिया अधूरी मानी जाती है। नव स्थापित कबीरधाम प्रयोगशाला में आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से घटनास्थलों से प्राप्त रक्त, डीएनए, बाल, रेशे, फिंगरप्रिंट, हथियार, गोली-बारूद और नशीले पदार्थों जैसे सूक्ष्मतम साक्ष्यों का परीक्षण त्वरित गति से होगा। पुलिस विवेचकों को वैज्ञानिक रिपोर्ट मिलने में होने वाली देरी समाप्त होगी। न्यायालयों में समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत होने से दोषसिद्धि दर में वृद्धि होगी। अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाना संभव होगा, जिससे समाज में अपराध के प्रति भय और कानून के प्रति विश्वास बढ़ेगा। प्रदेश में स्थापित प्रयोगशालाओं का अब तक का अनुभव यह साबित कर चुका है कि जहां वैज्ञानिक रिपोर्ट समय पर उपलब्ध होती है, वहां न्यायिक प्रक्रिया न केवल तेज होती है बल्कि अधिक पारदर्शी भी होती है।

कबीरधाम में प्रयोगशाला स्थापित होने से जिले और आसपास के बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-मंडई एवं मुंगेली जिले भी लाभान्वित होंगे।

# अतिक्रमणकारी के लगाए गए आरोप बेबुनियाद व निराधार: सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड स. लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत रक्से में ग्राम पंचायत की शिकायत पर प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्यवाही का मामला अब सामाजिक तूल पकड़ते जा रहा है। बताया जाता है कि पीड़ित की शिकायत पर इस मामले में अब रविदास समाज आगे आ गया है और समाज ने पीड़ित परिवार के लिए न्याय की गुहार लगाते हुए बीते गुरूवार को एक दिवसीय धरना का भी आयोजन किया। साथ ही समाज ने चेतावनी दी है कि अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत रक्से की सरपंच श्रीमती पुष्पा ठाकुर ने कहा कि यह कोई सामाजिक मामला नहीं है बल्कि गांव की शासकीय भूमि में अवैध अतिक्रमण तथा शासकीय आंगनबाड़ी भवन को नुकसान पहुंचाते हुए अवैध निर्माण किए जाने जाने का मामला है। जिसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किए जाने पर वैधानिक ढंग से ग्राम पंचायत द्वारा मौका मुआयाना करने तथा संबंधित को शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने मौखिक तथा लिखित नोटिस जारी किया गया था। लेकिन जब संबंधित द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया तब ग्राम पंचायत ने इसकी शिकायत तहतसील कार्यालय स. लोहारा में की गई और प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की गई है। ग्राम सरपंच श्रीमती पुष्पा ठाकुर ने कहा कि पीड़ित द्वारा उन पर तथा ग्राम पंचायत लगाए जा रहे सभी आरोप बेबुनियाद तथा निराधार हैं। जो भी कार्यवाही की गई है वह पूरी तरह से वैध है और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ है।

## चक्रधर महोत्सव कवि सम्मेलन, में युवा अभिषेक ने पढ़ी कविताएं



**कवर्धा।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर महोत्सव में शहर के युवा कवि अभिषेक पाण्डेय ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी, चक्रधर महोत्सव राज्य की सबसे बड़ा महोत्सव के रूप मनाया जाता है, रायगढ़ के राजा राजा चक्रधर की कला संगीत के प्रति प्रेम किसी से छिपी नहीं है, ऐसे महान व्यक्तित्व के नाम से यह आयोजन प्रत्येक वर्ष वृहद स्तर आयोजित किया जाता है। अभिषेक वहां पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में हुए कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवि के रूप में गए थे, अपनी शानदार आकर्षक कविता और संवाद के लिये दर्शकों की खुब तालिया बटोरी और अपनी एक शानदार छाप छोड़ने में कामयाब रहे, अभिषेक लगातार राज्य व राज्य से बाहर होने वाले कवि सम्मेलन में कविता पाठ हेतु जाते रहते है, बेहद कम उम्र में अपनी कवि प्रतिभा की प्रस्तुतियों के आधार में अभिषेक ने इस क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत की है और देश के बड़े कवियों के संग आज वो कविता प्रस्तुति हेतु यात्राएं करते है यह शहर के गौरव को अन्य स्थान पर बढ़ाने का कार्य करते है।

# अनंत चतुर्दशी आज, नगर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर चतुर्दशी तिथि तक गणेश महोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान गणपति बप्पा की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। वहीं, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के दिन गणपति बप्पा को विदा किया जाता है।

धर्मनगरी कवर्धा सहित अंचल में भी गणेशोत्सव का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह पंडालों में भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की गई है और प्रतिदिन पूजा अर्चना आरती का दौर जारी है। इस बीच 06 और 07 सितंबर को पड़ने वाली अनंत चतुर्दशी को लेकर भी गणेशोत्सव समितियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है।

वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 06 सितंबर को देर रात 03 बजकर 12 मिनट (अंग्रेजी कैलेंडर अनुसार) पर हो रही है। वहीं, 07 सितंबर को देर रात 01 बजकर 41 मिनट पर चतुर्दशी तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है।

इसके लिए 06 सितंबर को अनंत चतुर्दशी मनाई जाएगी। अनंत चतुर्दशी के दिन पूजा के लिए शुभ समय दिन भर है। साधक किसी समय स्नान-ध्यान कर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा कर सकते हैं। वहीं, पूजा का शुभ समय सुबह 06 बजकर 02 मिनट से देर रात 01 बजकर 41 मिनट तक है। माना जा रहा है कि गणेशउत्सव समितियों द्वारा शनिवार को ही पण्डालों में हवन पूजन का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

वहीं गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पितृपक्ष प्रारंभ होने के पूर्व तक जारी रहने की संभावना है। हालांकि नगर में कुछ समितियों ने अनंत चतुर्दशी के एक दिन पूर्व 5 सितम्बर को ही हवन पूजन कर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू कर दिया है।

## कबीरधाम पुलिस का साइबर जन-जागरूकता अभियान जिलेभर में जारी

**कवर्धा।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा इन दिनो जिलेभर में व्यापक साइबर जन-जागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखना, जागरूक करना और समय पर सूचना देकर क्षति से बचाव सुनिश्चित करना है। जागरूकता कार्यक्रमों में लोगों को बताया गया कि साइबर अपराधी किस प्रकार फोन कॉल, व्हाट्सएप, सोशल मीडिया, ईमेल व ऑनलाइन शॉपिंग साइटों का सहारा लेकर धोखाधड़ी करते हैं। इसी कड़ी में जिले के थाना तरेगांव जंगल, पिपरिया, बोड़ला, सिंघनपुरी जंगल, कुण्डा, पाण्डातराई, भोरमदेव, सहसपुर लोहारा तथा चौकी दशरंगपुर, दामापुर, बाजार चारभाठा, रणवीरपुर एवं पोड़ी सहित अन्य स्थानों पर इस अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें थाना-चौकी प्रभारियों ने विद्यालयों, ग्राम सभाओं और सार्वजनिक स्थलों पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। साइबर अपराध से बचाव ही सबसे बड़ा बचाव है। इस संदेश को व्यापक रूप से लोगों तक पहुंचाया गया। इसी क्रम में महिला थाना कवर्धा द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला कैलाश नगर कवर्धा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के साथ-साथ महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक किया गया। बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, पोक्सो एक्ट तथा गुड टच-बैड टच जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिक्षिकाओं को महिलाओं से संबंधित अपराधों के विरुद्ध विधिक प्रावधानों और सुरक्षा उपायों से अवगत कराया गया। कबीरधाम पुलिस का यह अभियान जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी क्षेत्र में लगातार चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि नागरिक जागरूक होकर न केवल साइबर अपराध से स्वयं को सुरक्षित रखें, बल्कि महिला व बाल अपराध जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी सजग प्रहरी बनें।

**राज्य शिक्षक पुरस्कार व श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार से हुए सम्मानित**

# छिरहा प्राचार्य रमेश चंद्रवंशी ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम परसवारा निवासी व शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य रमेश कुमार चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में शिक्षकों को दिए जाने वाले दो सबसे बड़े सम्मान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

वह प्रदेश के ऐसे पहले शिक्षक बन गए हैं, जिन्हें एक ही साल में राज्य शिक्षक पुरस्कार और श्री गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार दोनों से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर रायपुर के राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक विशेष समारोह में महामहिम राज्यपाल रामेन डेका ने प्रदान किया।

श्री गजानन माधव मुक्तिबोध पुरस्कार-2025 के लिए पचास हजार रुपये का चेक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इसी प्रकार राज्य शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए इक्कीस हजार रुपये का चेक, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक ऋतुराज रघुवंशी सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। गणित के व्याख्याता के रूप में कार्यरत रमेश कुमार चंद्रवंशी को यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। उनके प्रयासों से न केवल उनके स्कूल की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि उन्होंने छात्रों को प्रेरित करने व उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उनकी यह अद्वितीय उपलब्धि प्रदेश के अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। इस सम्मान से न सिर्फ रमेश कुमार चन्द्रवंशी का, बल्कि उनके स्कूल और पूरे कवर्धा जिले का नाम रौशन हुआ है। यह उनकी कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है। छिरहा प्राचार्य रमेश चंद्रवंशी की इस शानदार उपलिब्ध पर उनके शुभ चिंतको में हर्ष व्याप्त है।

### पूर्व में कई पुरस्कारों से सम्मानित

छत्तीसगढ़ शासन से एकसाथ दो सर्वोच्च सम्मान पाने के पहले व्याख्याता रमेश कुमार चन्द्रवंशी को विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें प्राप्त प्रमुख पुरस्कारों में भारतीय शिक्षा गौरव सम्मान, बेस्ट टीचर अवार्ड-2023, नेशनल बेस्ट सोशल वर्कर अवार्ड-2024, नेशनल बेस्ट टीचर अवार्ड-2024, यूथ आइकॉन अवार्ड, स्वामी विवेकानंद अवार्ड-2023, इंटरनेशनल एजुकेशनल अवार्ड, इंटरनेशनल अचीव्हर्स अवार्ड-2023, राष्ट्र सेवा सम्मान, छत्तीसगढ़ आइकॉन अवार्ड-2024, छत्तीसगढ़ आदर्श शिक्षक सम्मान, छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान सहित कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड शामिल है।

# कवर्धा शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित, कई विषयों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गौरतलब है कि शहर अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व 15 वर्षों बाद शहर कांग्रेस कमेटी का कार्यकारिणी विस्तार कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपीं है। जिसकी आज प्रथम मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर कांग्रेस के पदाधिकारी उत्सुकता और उत्साह पूर्वक सम्मिलित हुए सभी ने कहा कि अब शहर कांग्रेस और अधिक मजबूत होगा और कवर्धावासियों के हित की लडाई लड़ने के लिए और अत्यधिक प्रभावशील होगा। बैठक में अनेकों विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में शहर अध्यक्ष अशोक ठाकुर, संतोष यादव शहर उपाध्यक्ष, देवराज पाली शहर उपाध्यक्ष, गोपाल चंद्रवंशी संगठन महामंत्री, शितेश चंद्रवंशी एनएसयुआई जिला अध्यक्ष, श्रीमती पुष्पलता जोशी महामंत्री, गुड्डु ठाकुर महामंत्री, जलेश्वर यादव महामंत्री, डॉ. खिराम साहू महामंत्री, जितेंद्र जैन कोषाध्यक्ष, जयंत जायसवाल मंडल अध्यक्ष, गणेश योगी मंडल अध्यक्ष, दीपक ठाकुर मंडल अध्यक्ष, अश्वनी कौशिक, भीखम कोशले पार्षद नेता प्रतिपक्ष, बिन्नू तिवारी पार्षद उपनेता प्रतिपक्ष, आदि उपस्थित थे।




## मोहारा में विसर्जन से पहले तैयारियां पूर्ण, अफसरों की तैनाती

# गाजे-बाजे के साथ आज विदा होंगे बप्पा, विसर्जन के लिए कुंड तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### शुक्रवार से ही विसर्जन का दौर शुरू



दस दिनों के महा उत्सव के बाद आज गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का समय आ गया है। गणेश उत्सव के अंतिम दिन यानी अनंत चतुर्दशी के दिन भक्त गणपति की प्रतिमा को नदी, तालाब या घर में विसर्जित कर उन्हें अगले साल आने के लिए निमंत्रण देते हैं। शहर में ही दो हजार से अधिक बड़ी-छोटी मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा, जिनके लिए मोहारा में कुंड तैयार किया गया है। पंचांग के अनुसार भाद्रपद मास की चतुर्थी तिथि इस बार 6 सितंबर शनिवार सुबह 3.12 बजे से शुरू होगी और 7 सितंबर रविवार की रात 1.41 बजे तक रहेगी। ऐसे में 10 दिन की पूजा के बाद गणपति विसर्जन 6 सितंबर शनिवार को किया जाएगा।

नगर निगम ने भी शहर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों से विसर्जन के लिए आने वाली मूर्तियों के लिए व्यवस्था की है। आज 6 व 7 सितंबर को गणेश विसर्जन के लिए मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुंड में विसर्जन कराए जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है। विसर्जन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल, कपड़े, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने के अलावा रानीसागर, सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने-ले-जाने वाहन की व्यवस्था गई है। इन सबके लिए उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है।

### कल रात चंद्रग्रहण, दोपहर से सूतक

हिंदू धर्म में चंद्रग्रहण को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भारतीय समयानुसार ग्रहण का आरंभ रात 9.57 बजे होगा। इस दौरान ग्रहण का पूरा प्रभाव भारतवर्ष में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। बताया गया कि चंद्रग्रहण से लगभग नौ घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है, इसलिए 7 सितंबर को दोपहर 12.57 बजे से सूतक का आरंभ होगा और ग्रहण के समाप्त होने तक इसका प्रभाव रहेगा।

### दिनभर कई शुभ मुहूर्त

पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार आज गणपति विसर्जन के लिए सुबह 7 बजकर 36 मिनट से लेकर 9 बजकर 10 मिनट तक का समय शुभ रहेगा। दोपहर 12 बजकर 19 मिनट से लेकर 5 बजकर 2 मिनट का समय बेहद शुभ है। गणपति बप्पा के विसर्जन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 37 मिनट पर शुरू होगा और 8 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। रात के समय गणपति विसर्जन के लिए शुभ मुहूर्त 9 बजकर 28 मिनट पर शुरू होगा और अगले दिन 1 बजकर 45 मिनट पर खत्म होगा।

## स्ट्रेचर में शव रखकर एनएच पर चक्काजाम



**राजनांदगांव।** शहर के कृष्णा अस्पताल में डिलीवरी के लिए पहुंची एक महिला की मौत के मामले को लेकर आज उसके परिजनों ने अस्पताल के सामने स्ट्रेचर में महिला का शव रखकर चक्काजाम किया और अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।

डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम मेरेगांव से डिलीवरी के लिए पहुंची महिला की डिलीवरी के बाद हालत बिगड़ती चली गई। इसके बाद उसे अस्पताल प्रबंधन द्वारा आनन-फानन में रेफर किया गया, जहां उसकी शहर के संजीवनी अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने कृष्णा अस्पताल पर इलाज में लापवाही का आरोप लगाया और महिला का शव लेकर कृष्णा अस्पताल पहुंच गए। यहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति उनकी बातों का जवाब देने सामने नहीं आया तो आक्रोशित परिजन अस्पताल के सामने नेशनल हाईवे में स्ट्रेचर पर महिला का शव रखकर चक्काजाम कर दिया।

### रामकथा व रामलीला का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** श्री नागेश्वर मंदिर ढ़ीमरपारा वार्ड नंबर 39 हीरामोती वार्ड में संगीतमय रामकथा एवं रामलीला का शुभारंभ वार्ड पार्षद रवि सिन्हा द्वारा नारियल फोड़कर एवं पूजा-अर्चना कर किया गया।




### नीलकंठ राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

**राजनांदगांव।** उत्कृष्ट विद्यालय से 100 से अधिक बच्चों का चयन नवोदय, प्रयास और एकलव्य विद्यालयों में कराने वाले, समाज में शिक्षा, पर्यावरण और सेवा का आदर्श स्थापित करने वाले नीलकंठ कोमरे को उनके अद्वितीय योगदान के लिए राज्यपाल पुरस्कार से 2024 सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता परीक्षा में उत्कृष्ट चयन कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के बल पर नीलकंठ कोमरे ने अपने विद्यालय से अनेक विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित करवाया। यह उपलब्धि न केवल उनके विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है।










